
RNI N.- BIHBIL/2022/88070
राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र
www.bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर


"खबरों से समझौता नहीं"



पटना, वर्षः 7 , अंकः17 , शुक्रवार, 27 फरवरी 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com



फाइलेरिया से बचाव के लिए स्कूलों में खिलाई जा रही है सर्वजन दवाः सीएस 03



मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत बाल्मीकिनगर के लिए रवाना हुए छात्र 04
तापसी पन्नू का ग्लैमर पर तीखा तंज, बोलीं-बॉलीवुड को क्लीवेज चाहिए... 07

## राहुल गांधी और कांग्रेस भारत-विरोधी ताकतों के हाथों की कठपुतली

- केंद्रीय मंत्री गोयल का आरोप-बार-बार झूठ बोलकर राष्ट्रीय हितों से समझौता कर रहे

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को आरोप लगाया कि राहुल गांधी और उनकी पार्टी भारत-विरोधी ताकतों के हाथों की कठपुतली बने हुए हैं। यहां भाजपा मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए गोयल ने आरोप लगाया कि गांधी परिवार एक समझौतावादी परिवार है और



कांग्रेस समझौतावादी राजनीतिक दल है। गोयल ने कहा, पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के समय से ही गांधी परिवार ने हमेशा देश के हितों से समझौता किया है। गोयल ने आरोप लगाया कि गांधी ने भारत-विरोधी ताकतों के साथ हाथ मिलाकर राष्ट्रीय हित से समझौता किया है। गोयल ने आरोप लगाया कि गांधी और उनकी पार्टी देश की प्रगति को अस्थिर करने के लिए छोटी राजनीति खेल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, राहुल गांधी नकारात्मक राजनीति के प्रतीक बन गए हैं। गोयल ने कहा कि आपने देखा कि मनमोहन सिंह की सरकार के दौरान भी राहुल गांधी और सोनिया गांधी ने किस तरह संविधान से इतर शक्तियों का इस्तेमाल किया। कई बार तो उन्होंने प्रेस के सामने कैबिनेट के फैसलों को फाड़ भी दिया।

## राहुल बोले-यह इंडिया है, नॉर्थ कोरिया नहीं

- कांग्रेस नेता ने कहा-शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट डेमोक्रेसी की आत्मा है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद में नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर यूथ कांग्रेस मेंबर्स के खिलाफ एक्शन पर राहुल ने पीएम की आलोचना की। उन्होंने अपनी पार्टी के यूथ विंग के सदस्यों के खिलाफ शर्टलेस प्रोटेस्ट को लेकर पुलिस एक्शन पर कमेंट किया। उन्होंने कहा कि प्राइम मिनिस्टर नरेंद्र मोदी की सरकार और नॉर्थ कोरिया के तानाशाही शासन एक जैसा है। उन्होंने कहा कि ये इंडिया है, नॉर्थ कोरिया नहीं। राहुल ने कहा कि



शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट डेमोक्रेसी की आत्मा है। यह कोई अपराध नहीं है। राहुल ने पूछा जब आदिवासी अपने जल, जंगल, जमीन के हक के लिए खड़े हुए, तो उन पर भी शक की नजर डाली गई। यह कैसा लोकतंत्र है, जहां पीएम सवालों से डरते है। जहां असहमति को कुचलना शासन का स्वभाव बनता जा रहा है। दरअसल, दिल्ली में आयोजित एआई समिट के दौरान यूथ कांग्रेस मेंबर्स ने शर्ट उतार कर प्रोटेस्ट किया था। इस संबंध में दिल्ली पुलिस 3 सदस्यों को गिरफ्तार करने शिमला पहुंची थी। इसके बाद हिमाचल पुलिस ने दिल्ली पुलिस को उन्हें ले जाने से रोक लिया था। राहुल ने ये बातें गिरफ्तार तीन यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिल्ली वापस लाने की इजाजत मिलने के बाद कही।

NCERT

# बुक विवाद पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

- सर्वोच्च न्यायालय ने किताब को जब्त करने का दिया आदेश
- डायरेक्टर को कंटेप्ट ऑफ कोर्ट पर कारण बताओ नोटिस जारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्लास 8 की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार संबंधी संदर्भों के प्रकाशन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कड़ा रुख अपनाया। सर्वोच्च अदालत ने विद्यालय शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय के सचिव और एनसीईआरटी के निदेशक को इस संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

अदालत ने कहा कि उनके विरुद्ध कंटेप्ट ऑफ कोर्ट और अन्य कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई क्यों न की जाए। न्यायालय ने कहा कि पहली नजर में अगर यह प्रकाशन न्यायपालिका को कलंकित करने के उद्देश्य से किया गया जानबूझकर कृत्य सिद्ध होता है, तो यह गंभीर मिस कंडक्ट है और आपराधिक अवमानना के दायरे में आ सकता है।




### बुक की कॉपी जब्त करने का आदेश

पुस्तक की सभी फिजिकल कॉपी को जब्त करने का आदेश दिया गया। एनसीईआरटी को केंद्र और राज्य शिक्षा विभागों के समन्वय से यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि पुस्तक की सभी प्रतियां चाहे वे खुदरा विक्रेताओं या विद्यालयों में हों, या डिजिटल रूप में उपलब्ध हों तत्काल सार्वजनिक पहुंच से हटाई जाएं। एनसीईआरटी निदेशक को विद्यालयों में भेजी गई सभी प्रतियों की तत्काल जब्ती सुनिश्चित कर अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का दायित्व सौंपा गया। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि उक्त पुस्तक के आधार पर विद्यार्थियों को कोई शिक्षण न दिया जाए।

- **न्यायपालिका की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास-** चीफ जस्टिस ने कहा कि यह एक सुनियोजित प्रयास प्रतीत होता है, जिसका उद्देश्य न्यायपालिका की संस्थागत प्राधिकारिता को कमतर करना और उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाना है। यदि इसे बिना रोक-टोक प्रकाशित होने दिया गया, तो यह विशेषकर प्रभावग्राही युवा मनों में न्यायपालिका की प्रतिष्ठा को कमतर कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अध्याय में न्यायाधीशों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों की संख्या का उल्लेख इस प्रकार किया गया है, मानो उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई हो। साथ ही, पूर्व मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की टिप्पणियों को गलत संदर्भ में प्रस्तुत किया गया, जिससे यह आभास होता है कि स्वयं मुख्य न्यायाधीश ने भ्रष्टाचार के अस्तित्व को स्वीकार किया हो।

## सीमांचल में किसी भी तरह की घुसपैठ नहीं होगी बर्दाश्त

- 10 किमी दायरे में अवैध ढांचे हटेंगे, बिहार में बोले अमित शाह



**अररिया (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ और अवैध निर्माण को लेकर सख्त रुख अपनाने का संकेत दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार, पश्चिम बंगाल और झारखंड में घुसपैठ देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है। ऐसे में घुसपैठियों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। गृह मंत्री ने स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा से 10 किलोमीटर के दायरे में बने अवैध निर्माणों को चिह्नित कर ध्वस्त किया जाएगा। इसके लिए जल्द ही विशेष कार्य योजना तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि सीमा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अररिया के सिकटी स्थित लेटी में एसएसबी की 52वीं वाहिनी के प्रशासनिक एवं आवासीय भवन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए अमित शाह ने सीमांचल क्षेत्र में जनसांख्यिकीय बदलाव को भी चिंता का विषय बताया। उन्होंने इस मुद्दे की जांच कराने की बात कही और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) को घुसपैठ व तस्करी रोकने के लिए पूरी सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। **सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों के साथ समीक्षा-** दौरे के दौरान गृह मंत्री सीमावर्ती जिलों के जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ सुरक्षा समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में सीमा प्रबंधन, कानून-व्यवस्था और विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। साथ ही केंद्र सरकार के 'वाइब्रेंट विलेजेस कार्यक्रम' के क्रियान्वयन पर भी चर्चा होगी। गृह मंत्री सीमांचल के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। बुधवार को उन्होंने किशनगंज में रात्रि विश्राम किया। गुरुवार सुबह अररिया रवाना होने से पहले उन्होंने स्थानीय हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान मंदिर परिसर के बाहर मौजूद लोगों ने जय श्रीराम और भारत माता की जय के नारे लगाए। शुक्रवार को उनका कार्यक्रम पूर्णिया में निर्धारित है, जहां वे विभिन्न प्रशासनिक बैठकों और जनसभाओं में हिस्सा लेंगे।

## शंकराचार्य केस में नाबालिगों से यौन शोषण की हो गई पुष्टि!

### मेडिकल रिपोर्ट आई, पीड़ित बटुक बोला-अविमुक्तेश्वरानंद ने शोषण किया

**वाराणसी (एजेंसी)।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में बच्चों की मेडिकल रिपोर्ट आ गई है। पुलिस सूत्रों का दावा है कि बच्चों के साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। पुलिस ने बुधवार को पीड़ित नाबालिगों का मेडिकल टेस्ट कराया था। दो डॉक्टरों के पैनल ने प्रयागराज के सरकारी अस्पताल में मेडिकल टेस्ट किया। रिपोर्ट बंद लिफाफे में गुरुवार को जांच अधिकारी को सौंप दी गई है। इसे शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बटुकों से कुकर्म किसने किया। कब



किया। कहां किया। ये जांच का विषय है। पूरी जांच के बाद स्पष्ट होगा कि अविमुक्तेश्वरानंद पर लगे आरोप कितने सही हैं। थाना प्रभारी झूंसी महेश मिश्र ने बताया कि कोर्ट का मामला है। ज्यादा जानकारी नहीं दे सकते। इससे पहले, शंकराचार्य पर केस दर्ज कराने वाले आशुतोष महाराज ने बुधवार को कहा था कि सारे सबूत हैं। मेडिकल में बटुकों से कुकर्म की पुष्टि हुई है। जल्द न्याय होगा। इधर, एक पीड़ित बटुक पहली बार मीडिया के सामने आया। उसने दावा किया- मैं अध्ययन के लिए गया था, तभी मेरा शोषण किया गया।

## 1 मार्च से सिम कार्ड के बिना अब नहीं चलेगा वॉट्सएप

- सरकार ने डेडलाइन बढ़ाने से मना किया, वेब वर्जन हर 6 घंटे में लॉग-आउट होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि सिम बाइंडिंग के नियमों को लागू करने की 28 फरवरी की डेडलाइन नहीं बढ़ाई जाएगी। नए नियमों के तहत फोन में सिम कार्ड न होने पर वॉट्सएप जैसे मैसेजिंग एप काम नहीं करेंगे। कंप्यूटर पर लॉगिन वॉट्सएप भी 6 घंटे में लॉग-आउट हो जाएगा। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि फिलहाल नियमों को मानने की समय-सीमा आगे बढ़ाने पर कोई विचार नहीं है। उन्होंने कहा कि



ये नियम राष्ट्रीय सुरक्षा और धोखाधड़ी रोकने के लिए लागू किए गए हैं और सुरक्षा के मुद्दों पर सरकार कोई समझौता नहीं करेगी। यूजर्स को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनका वॉट्सएप जिस नंबर पर है, वह सिम उसी फोन में लगा हो। अगर सिम कार्ड फोन से बाहर निकाला तो मैसेजिंग ऐप काम करना बंद कर सकता है।

## 'दो-बच्चे' की शर्त खत्म

- राजस्थान में अब अधिक बच्चे वाले भी लड़ सकेंगे पंचायत चुनाव

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान में स्थानीय निकाय चुनावों से पहले राज्य मंत्रिमंडल ने बुधवार को लगभग तीन दशक पुराने नियमों को पलटते हुए दो से अधिक बच्चों वाले लोगों को पंचायत और शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में चुनाव लड़ने की अनुमति दी। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुए, कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा और उद्योग मंत्री राजवर्धन राठौड़ के साथ कहा कि मंत्रिमंडल ने राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 और राजस्थान नगर पालिका अधिनियम, 2009 में संशोधन करने के निर्णय को मंजूरी दे दी है। ऐसा इसलिए किया गया ताकि दो से अधिक बच्चों वाले व्यक्ति पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों के चुनावों में भाग ले सकें। इन बदलावों को क्रांतिकारी कदम बताते हुए जोगाराम पटेल ने कहा कि इन प्रावधानों के तहत दो से अधिक बच्चों वाले व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ सकते। उन्होंने कहा कि उस समय की परिस्थितियों, जनसंख्या विस्फोट और आर्थिक विशेषज्ञों की राय को देखते हुए देश के लिए जनसंख्या नियंत्रण आवश्यक था।



मोदी-नेतन्याहू की बैठक में समझौता

## इजराइल में चलेगा भारतीय यूपीआई

- मोदी बोले-जल्द फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करेंगे, इजराइल आना मेरे लिए गर्व की बात

**तेल अवीव (एजेंसी)।** पीएम मोदी के इजराइल दौरे का गुरुवार को दूसरा दिन था। इजराइल में भी अब भारत का यूपीआई पेमेंट सिस्टम चलेगा, इसे लेकर मोदी और इजराइली पीएम नेतन्याहू द्विपक्षीय मीटिंग में समझौता हुआ है। पीएम नेतन्याहू के साथ जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोदी ने कहा कि भारत जल्द इजराइल के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करेगा। उन्होंने कहा कि इजराइल आना मेरे लिए गर्व की बात है। पीएम मोदी आज सुबह सबसे



पहले यरूशलम के होलोकॉस्ट मेमोरियल 'याद वाशेम' पहुंचे। यहां उन्होंने हिटलर के नाजी शासन में मारे गए 60 लाख यहूदियों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद मोदी इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से मिले। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान इसाक ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी है, जो पूरी दुनिया का ध्यान खींच रही है। वहीं, पीएम मोदी ने इजराइली राष्ट्रपति को भारत आने का न्योता दिया।

### ट्रंप, पुतिन, जिनपिंग...मोदी ने सबको छोड़ा पीछे

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अनोखा कीर्तिमान रच दिया है। पीएम मोदी इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन फॉलोअर्स का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके साथ ही वह इस प्लेटफॉर्म पर यह मुकाम हासिल



करने वाले पहले वैश्विक नेता बन गए हैं। उन्होंने प्रसिद्धि के मामले में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग जैसे नेताओं को भी पीछे छोड़ दिया है। बता दें कि पीएम मोदी 2014 में इंस्टाग्राम से जुड़े थे। तब से इस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वह लगातार ऐक्टिव रहते हैं। इंस्टाग्राम पर अब उनके डोनाल्ड ट्रंप से दोगुने से भी ज्यादा फॉलोअर्स हो गए हैं।

## पीएम होंगे सामने और केन्द्रीय मंत्री देंगे प्रजेंटेशन

- बताएंगे क्या कदम उठाए और क्या असर हुआ, सबकी समीक्षा

नई दिल्ली (एजेंसी)। सूत्रों का कहना है कि ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि किसी भी बदलाव को लागू करना आसान हो जाए। ऐसी स्थिति में मंत्री खुद ही इस बात के लिए चिंतित होंगे कि जरूरी सुधारों को लागू किया जाए क्योंकि उनकी कभी भी समीक्षा हो सकती है और उनकी जवाबदेही भी तय होगी। फिलहाल सभी मंत्रालय इसी में बिजी हैं। केंद्र की मोदी सरकार के सभी मंत्री कैबिनेट मीटिंग में प्रजेंटेशन देंगे। इस दौरान वे बताएंगे कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में उनके मंत्रालय ने किन सुधारों को लागू किया और उनके क्या असर हुए हैं। जून 2024 के बाद लागू सुधारों के बारे में मंत्री जब बता रहे होंगे तो उस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी भी सामने बैठे होंगे और वह सबकी समीक्षा करेंगे।



सूत्रों का कहना है कि ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि किसी भी बदलाव को लागू करना आसान हो जाए। ऐसी स्थिति में मंत्री खुद ही इस बात के लिए चिंतित होंगे कि जरूरी सुधारों को लागू किया जाए क्योंकि उनकी कभी भी समीक्षा हो सकती है और उनकी जवाबदेही भी तय होगी। प्रधानमंत्री कार्यालय को अब सेवातीर्थ के नाम से जाना जाता है। यहां मंगलवार को पहली बार कैबिनेट मीटिंग हुई थी और इसके तुरंत बाद ही ऐसा आदेश दिया गया। कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन ने सभी मंत्रियों को बताया है कि प्रधानमंत्री चाहते हैं कि हर मंत्रालय की ओर से प्रजेंटेशन दी जाए। कैबिनेट सचिव ने बताया कि अगली कैबिनेट बैठक में सभी लोग कुछ चीजें लेकर आएं कि वे क्या प्रजेंट करेंगे।

- **सभी विभागों में प्रजेंटेशन को लेकर हलचल-** जानकारी मिल रही है कि मंगलवार की शाम को मंत्रालयों को प्रजेंटेशन के बारे में बताया गया था। इसके बाद से ही सभी विभागों में हलचल मची है। मंत्रियों और उनके मातहत अधिकारी फिलहाल इस चीज में बिजी हैं कि आखिर किन सुधारों को प्रजेंटेशन में दिखाया जाए। खासतौर पर ऐसी चीजें निकाली जा रही हैं, जो जनता से जुड़ी रही हैं और उन बदलावों से लोगों पर सीधा असर पड़ा हो। रिपोर्ट के अनुसार सभी मंत्रालयों से कहा गया है कि वे 2 मार्च तक एक सारांश भेज दें। इसमें यह जानकारी रहेगी कि किन बदलावों को लागू किया गया है और उनके क्या प्रभाव रहे हैं।
- **कैबिनेट सचिव ने सभी मंत्रालयों को भेजा फॉर्मेट-** मंत्रियों में भी इस बात की चिंता है कि उनका प्रजेंटेशन अच्छा रहे क्योंकि पीएम नरेंद्र मोदी खुद सामने बैठे होंगे। ऐसी स्थिति में वे प्रजेंटेशन में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहते और उसे खुद मंत्रालयों में तैयार कराने में जुटे हैं। जानकारी मिल रही है कि कैबिनेट सचिव की ओर से सभी विभागों को एक डिटेल फॉर्मेट दिया गया है। इसमें भरकर तीन से 4 कैटेगरीज में बताना होगा कि हमने क्या सुधार किए हैं और उनका क्या असर हुआ है।

## हमारा कश्मीर का बजट तुम्हारे कर्ज से भी दोगुना है

- भारत ने यूनाइटेड नेशन में उधेड़ी पाकिस्तान की बखिया

**जेनेवा (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र में भारत की फस्ट सेक्रेटरी अनुपमा सिंह ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में पाकिस्तान और



ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों का करारा जवाब दिया है। राइट टू रिप्लाई का इस्तेमाल करते हुए भारत ने स्पष्ट शब्दों में पाकिस्तान के प्रोपेगेंडा की धज्जियां उड़ा दीं। अनुपमा सिंह ने कहा कि भारत पाकिस्तान और आईएमएफ के सभी आरोपों को सिरे से खारिज करता है। उन्होंने संगठन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह संगठन केवल पाकिस्तान के प्रोपेगेंडा को तोते की तरह दोहरा रहा है। यह इस बात का सबूत है कि आईएमएफ ने खुद को एक देश (पाकिस्तान) की राजनीतिक मजबूरियों का इको चैंबर बनने दिया है। **जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग और पीओके खाली करने की मांग-** भारतीय राजनयिक ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर स्पष्ट किया कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। उन्होंने कहा कि 1947 के भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम और अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत कश्मीर का भारत में विलय पूरी तरह से कानूनी और अपरिवर्तनीय था।

## संक्षिप्त समाचार

### पीयू छात्र संघ चुनाव, आज चुनाव प्रचार का आखिरी दिन अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों का प्रेसिडेंशियल डिबेट जारी



**पटना।** पटना यूनिवर्सिटी छात्र संघ चुनाव में चुनाव प्रचार का आज आखिरी दिन है। आज शाम 5 बजे तक ही प्रत्याशी प्रचार कर सकते हैं। पटना साइंस कॉलेज में आज प्रेसिडेंशियल डिबेट शुरू हो गया है। अध्यक्ष पद के सभी 11 उम्मीदवारों को 5-5 मिनट का समय दिया गया है। उम्मीदवारों को अनुशासन में रहकर अपनी बातें रखने को कहा गया है। यह प्रेसिडेंशियल डिबेट 25 फरवरी को पटना वीमेंस कॉलेज में आयोजित होने वाला था, लेकिन एक हफ्ते पहले एक छात्र संघ के द्वारा कॉलेज में जबरदस्ती घुसकर चुनाव प्रचार किया था। इसके बाद प्रेसिडेंशियल डिबेट को कैंसिल कर दिया गया था। पटना विश्वविद्यालय के विधि पदाधिकारी सह मीडिया प्रभारी डॉ. वीरेंद्र पासवान ने बताया कि, कुलपति प्रोफेसर नमिता सिंह के निर्देश पर पूर्व में ही केंद्रीय चुनाव समिति ने 26 को डिबेट निर्धारित किया था, जिसे लेकर बुधवार को पुनः सूचना जारी की गई। पटना यूनिवर्सिटी में कई प्रमुख मुद्दे हैं। इनमें पीयू को सेंट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा मिले। नेशनल रैंकिंग में टॉप 100 में जगह बनाना, रिसर्च लैब को शुरू करना, लाइब्रेरी ऑटोमेशन, कॉलेजों में लैब अपग्रेड कराना, इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट, खिलाड़ियों को लिए कोच और खेल सामग्री की व्यवस्था, शिक्षकों की पर्याप्त संख्या, हॉस्टलों में बेहतर सुविधाएं, कॉलेजों में कैंटीन और हॉस्टलों में मेस की व्यवस्था प्रमुख है।

### पवन सिंह पर भड़कीं अक्षरा, कहा-10 जगह मुंह मारता है, क्या जिंदगी भर मेरे साथ चिपका रहेगा

**पटना।** भोजपुरी स्टार पवन सिंह की एक्स गर्लफ्रेंड अक्षरा सिंह ने बिना उनका नाम लिए उनपर जोरदार हमला किया है। अक्षरा सिंह ने पवन सिंह के साथ पुराने रिश्तों पर कहा, "इस बात को जमाना बीत चुका है। मुझे भी अपना जीवन बसाना है। एक ही जगह उलझ कर नहीं रह सकती।" वो दस जगह लड़कियों के साथ इधर-उधर घूम रहा है, उससे कोई सवाल नहीं पूछ रहा। उसका चरित्र सबके सामने है। मेरा एक अफेयर हो गया तो मैं गुनहगार हो गई।मुझे कोई चैन से जीने नहीं दे रहा। क्या सिर्फ इसलिए कि मैं लड़की हूं? क्या यह मेरा गुनाह है? पॉडकास्ट के दौरान जब अक्षरा सिंह से पूछा गया कि क्या अभी भी पवन सिंह के लिए उनके दिल में सॉफ्ट कॉर्नर है तो वे झिझकी नहीं, बल्कि उन्होंने दो टूक जवाब देकर ऐसा सोचने वालों की बोलती बंद कर दी। उन्होंने पूछा, 'वो हैं कौन?' सवालों में उलझी अक्षरा ने कहा, 'अब लोग कहेंगे कि हर बार उसी का टॉपिक ले आती हैं। अरे मैं क्या करूं, मुझसे पूछा जाता है हर बार जैसे अभी आपने पूछा। कहीं और जाऊंगी तो फिर से यही सवाल किया जाएगा। हो गई बहुत पुरानी बात, एक टाइम पर एक पॉडकास्ट में मैंने सारी बातें कह दी थी। मैंने तभी ये कहा था कि मैं अब इस टॉपिक पर बार-बार बात नहीं करूंगी। वो मेरा अतीत था, इसे लेकर नहीं घूम सकती।' करीब 6 महीने पहले पवन सिंह का एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें पवन सिंह हरियाणवी एक्ट्रेस की स्टेज पर कमर छुते दिखे थे। इसे लेकर काफी कॉन्ट्रवर्सी भी हुई थी। बाद में हरियाणवी एक्ट्रेस ने भोजपुरी फिल्मों में काम करने से तौबा कर लिया। इसे लेकर जब अक्षरा सिंह से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'उस दिन उस एक्ट्रेस की गलती थी। अगर कोई आपको छूता है, तो आपको तुरंत रिएक्शन देना चाहिए।'



### दिल्ली में पत्नी और 3 बेटियों की गला रेतकर हत्या, सोते समय वारदात को अंजाम दिया

**पटना।** दिल्ली के समयपुर बादली में एक ही परिवार के चार लोगों की निर्मम हत्या हुई। किराए के कमरे में महिला और उसकी तीन बेटियों की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान अनीता (32), अनुष्का (5), मुस्कान (4) और पल्लवी के रूप में हुई है। घटना चंदन पार्क की गली नंबर-3 स्थित मकान की है। पति पर पत्नी और बेटियों की हत्या करने का आरोप है। आरोपी पति मुनचुन के पिता रामबालक केवट और मां पटना के बाढ़ में रहते हैं। उसके तीन भाई भी दिल्ली में आजादपुर सब्जी मंडी में मजदूरी करते हैं। चारों पीड़ितों का गला धारदार हथियार से काटा गया था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमला इतना जोर से किया गया था कि उनकी श्वास नली भी कट गई थीं। पुलिस ने घटनास्थल को बहुत क्रूर बताया। घटना के बाद से आरोपी पति मुंचुन केवट लापता है। पुलिस उसे संदिग्ध मानकर चल रही है। पुलिस ने कहा कि जांचकर्ता अवैध संबंध सहित सभी संभावित पहलुओं की भी जांच कर रहे हैं। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि हत्या का कारण बेटे का न होना हो सकता है। मंगलवार रात करीब 9 बजे पति-पत्नी के बीच विवाद भी हुआ था। इधर, रूबी नाम की एक रिश्तेदार ने न्यूज एजेंसी PTI को बताया कि केवट और उसकी पत्नी पिछले दो सालों से दिल्ली में रह रहे थे और पति-पत्नी के बीच आमतौर पर झगड़े नहीं होते थे। परिवार आठ महीने पहले ही बिहार से दिल्ली गया था। पुलिस को शक है कि चारों को पहले नशीला पदार्थ देकर बेहोश किया गया और फिर हत्या की गई, क्योंकि इतनी बड़ी घटना के बावजूद किसी ने चीखने-चिल्लाने की आवाज नहीं सुनी गई।



### फर्जी लुभावने विज्ञापनों से सावधान रहें-एसडीपीओ

**हाजीपुर।** वैशाली में 26 फरवरी को बिहार पुलिस सप्ताह के पांचवें दिन एक साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक वैशाली विक्रम सिहाग के निर्देश पर सीवी. रमन विश्वविद्यालय में हुआ। इसमें पुलिस उपाधीक्षक सह साइबर थानाध्यक्ष और साइबर थाना टीम ने छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा से संबंधित 'क्या करें और क्या न करें' (Do's & Don'ts) के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों के नवीनतम तरीकों, उनसे उत्पन्न चुनौतियों और स्वयं को सुरक्षित रखने के उपायों से अवगत कराया गया। सत्र में छात्र-छात्राओं को कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी गई। इसमें राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930, पोर्टल cybercrime.gov.in और साइबर थाना की भूमिका शामिल थी। उन्हें साइबर बुलिंग से बचाव के उपाय भी बताए गए। इसके अतिरिक्त, विभिन्न प्रकार की साइबर ठगी जैसे APK फाइल फ्रॉड, बिजली मीटर अपडेट फ्रॉड, RTO चालान APK फ्रॉड और क्रेडिट कार्ड फ्रॉड के बारे में जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को सभी सोशल मीडिया ऐप्स में टू-स्टेप वेरिफिकेशन चालू रखने और फर्जी लुभावने विज्ञापनों से सावधान रहने की सलाह दी गई। उन्हें OTP, CVV, पासवर्ड और अन्य व्यक्तिगत जानकारी किसी से साझा न करने की हिदायत भी दी गई। फर्जी ऑनलाइन गेम्स और डिजिटल अरेस्ट जैसी ठगी से सतर्क रहने के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में एक प्रश्न-उत्तर सत्र आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की और अपनी समस्याओं व जिज्ञासाओं को साझा किया। उन्हें साइबर अपराध से बचाव के व्यावहारिक उपायों के बारे में मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

# शादी में डीजे पर बवाल, दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे

## बाढ़ के सलेमपुर गांव में हंगामा, दो घायल, देर रात हुई पत्थरबाजी

एजेंसी, पटना



पटना के बाढ़ में गुरुवार सुबह डीजे को लेकर गलत फहमी के चलते दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि पत्थरबाजी और लाठी-डंडे चलने लगे। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर रखी कई कुर्सियां तोड़ दी गईं। घटना में एक पक्ष के दो लोग घायल हो गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। बीती रात शादी समारोह के दौरान गाना बजाने और डांस को लेकर दोनों पक्षों के बीच पत्थरबाजी भी हुई थी। घटना थाना क्षेत्र अंतर्गत सलेमपुर गांव की है।

**सुबह फिर भड़की हिंसा, दो घंटे तक चला बवालः** बीती रात हुई पत्थरबाजी के बाद गुरूवार सुबह फिर से दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस दौरान एक पक्ष के दो लोगों का सिर फूट गया और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। मारपीट के कारण शादी की रस्म भी ठीक से पूरी नहीं हो सकी और लड़की को जल्दबाजी में विदा करना पड़ा। यह मारपीट लगभग दो घंटे तक चलती रही।

**'दहपुजी' रस्म के दौरान शुरू हुआ विवादः** शादी वाले घर के लोगों ने आरोप लगाया कि, शाम को जब वे शादी की 'दहपुजी' रस्म के लिए जा रहे थे, तभी गांव के ही रहने वाले दूसरे पक्ष के लोगों ने उनसे झगड़ा किया और जमकर पत्थरबाजी की। दूसरे पक्ष ने बाहरी लोगों को बुलाकर मारपीट की।

**डीजे पर गलतफहमी से बढ़ा झगड़ाः** महिलाओं ने बताया कि डीजे बजाते समय हुई गलतफहमी के कारण यह पूरा विवाद शुरू हुआ। दूसरे पक्ष के लोगों को लगा कि एक महिला के साथ बदतमीजी की गई है, जिसके बाद उनके साथ भी मारपीट की गई। उनका कहना था कि जब भी उनके यहां खुशी का माहौल होता है, दूसरा पक्ष विवाद करता है। ऐसी घटना पहले भी तीन बार हो चुकी है।

## पटना शहर के अंदर चली मेट्रो, होली बाद भूतनाथ से मलाही पकड़ी तक दौड़ेगी मेट्रो

एजेंसी, पटना



**जंक्शन के पास 3 फ्लोर का बनेगा इंटरचेंज स्टेशन**

पटना मेट्रो को आज पहली बार शहर के अंदर चलाया गया। गुरुवार को भूतनाथ मेट्रो स्टेशन से दो नए स्टेशनों खेमनीचक और मलाही पकड़ी तक मेट्रो का ट्रायल रन किया गया। इसके चलते आज आम यात्रियों के लिए मेट्रो सेवा बंद रखी गई। भूतनाथ और मलाही पकड़ी के बीच की दूरी 2.75KM है। इस नए सेक्शन पर अलग-अलग गति से ट्रेन चलाकर ट्रैक की क्षमता, ब्रेकिंग सिस्टम, सिग्नलिंग और स्टेशनों के बीच तालमेल की जांच की जा रही है। अभी भूतनाथ से पाटलिपुत्र बस टर्मिनल के बीच 3.45 किमी में मेट्रो का परिचालन हो रहा है। नए सेक्शन के जुड़ने के बाद पाटलिपुत्र बस टर्मिनल से मलाही पकड़ी तक कुल 6.2KM एलिवेटेड ट्रैक पर मेट्रो चलेगी। पटना मेट्रो के अधिकारियों के मुताबिक, कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी (CMRS) की टीम को जांच के लिए 25 फरवरी को आना था, लेकिन, कुछ कारणों से उस दिन टीम नहीं आ रही है। मेट्रो अधिकारियों के अनुसार, CMRS की टीम अब मार्च में पटना पहुंचेगी। इस दौरान टीम मलाही पकड़ी और खेमनीचक स्टेशन के ट्रैक, सिग्नलिंग सिस्टम, प्लेटफॉर्म सुरक्षा व्यवस्था, यात्री सुविधाएं और अन्य तकनीकी पहलुओं की बारीकी से जांच करेगी। सब कुछ ठीक रहा तो होली बाद मेट्रो ट्रेन 5 स्टेशनों तक दौड़ेगी। पटना मेट्रो अधिकारियों के मुताबिक, भूतनाथ से मलाही पकड़ी के बीच परिचालन की अंतिम तैयारियां चल रही हैं। इस सेक्शन के शुरू होते ही यात्री मलाही पकड़ी से पाटलिपुत्र बस टर्मिनल तक कुल 6.2 किमी एलिवेटेड मेट्रो ट्रैक पर सफर कर सकेंगे। इस रूट पर 5 स्टेशन होंगे- पाटलिपुत्र बस टर्मिनल, जीरोमाइल, भूतनाथ, खेमनीचक और मलाही पकड़ी। खेमनीचक एलिवेटेड स्टेशन को एक्सचेंज स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां से कॉरिडोर-1 और कॉरिडोर-2, दोनों दिशाओं में जाने वाली मेट्रो उपलब्ध होगी।

## फतुहा में ई-रिक्शा ड्राइवर-ग्रामीणों ने स्कॉर्पियो सवार को पीटा

एजेंसी, पटना



पटना के फतुहा थाना क्षेत्र में बुधवार को एक मामूली विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। नयका रोड स्थित मोहिउद्दीनपुर गांव के पास बिहटा-सरमेरा पथ पर एक ई-रिक्शा और स्कॉर्पियो की हल्की टक्कर हो गई। आरोप है कि ई-रिक्शा चालक ने ग्रामीणों को बुलाकर स्कॉर्पियो सवारों पर हमला कर दिया। इस मारपीट में दो लोग घायल भी हुए हैं। स्कॉर्पियोसवार पीड़ितों ने आरोप लगाया कि, हमलावरों ने उनके गले से सोने की चेन और गाड़ी में रखे डेढ़ लाख रुपये छीन लिए। उनके हाथों और शरीर पर रॉड से हमले के निशान भी हैं।

**इंश्योरेंस क्लेम का काम कर लौट रहे थे पीड़ितः** आरा निवासी पीड़ित राजेश कुमार ने बताया कि, वे अपने तीन अन्य साथियों के साथ 'इंपीरियल एग्रो प्राइवेट लिमिटेड' में दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर के इंश्योरेंस क्लेम का काम पूरा कर आरा लौट रहे थे। मोहिउद्दीनपुर गांव के पास भारी जाम लगा था। तभी गलत दिशा से आ रहे एक ई-रिक्शा ने उनकी स्कॉर्पियो में टक्कर मार दी। स्कॉर्पियो सवारों ने जब इसका विरोध किया, तो ई-रिक्शा चालक बहस करने लगा। विवाद बढ़ने पर ई-रिक्शा चालक ने फोन कर गांव से लगभग 10 लोगों को बुला लिया।

**ग्रामीणों ने स्कॉर्पियो को घेरा, शीशे तोड़े- पीड़ितः** पीड़ित राजेश कुमार का आरोप है कि लोहे की रॉड से लैस होकर आए इन ग्रामीणों ने स्कॉर्पियो को घेर लिया और उसके शीशे तोड़ दिए। इस मारपीट में राजेश कुमार समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पीड़ितों ने फतुहा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

# पटना सिटी में दो भाइयों पर फायरिंग, एक की मौत, बकाया पैसे मांगने पर की मारपीट

एजेंसी, पटना



♦ बदला लेने मारी गोली, दूसरे की हालत गंभीर

पटना सिटी में बुधवार देर रात पैसे के लेनदेन को लेकर हुए विवाद के बाद दो भाइयों को गोली मार दी गई। आसपास मौजूद लोगों ने दोनों भाइयों को तुरंत पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (PMCH) पहुंचाया। पीएमसीएच में चिकित्सकों ने सोनू को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गोलीबारी में घायल दूसरे भाई आकाश का इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, उसकी स्थिति गंभीर है, लेकिन हालत स्थिर बनी हुई है। इस घटना में आलू-प्याज के कारोबारी सोनू (35) की मौत हो गई, जबकि उसका छोटा भाई आकाश (21) गंभीर रूप से घायल है। घटना सुल्तानगंज थाना क्षेत्र स्थित मुसल्लहपुर हाट में हुई है। मुख्य आरोपी विकास कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ कर रही है।

**बकाया पैसे मांगने पर की मारपीट, इसलिए गोली मार दियाः** पुलिस के मुताबिक, मुख्य आरोपी विकास कुमार ने पूछताछ में बताया कि उसका पैसा आलू-प्याज व्यापारी सोनू कुमार के पास बकाया था। यही पैसा मांगने गए थे, तब दोनों भाई उनके साथ मारपीट करने लगे। इस मारपीट से वह बेहद गुस्से में था और अपने कुछ साथियों को लेकर फिर से प्याज व्यापारियों के पास पहुंचा। उसने दोनों भाईयों पर गोली चला दी, जिसमें एक भाई की मौत हो गई, जबकि दूसरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही सुलतानगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी की। पुलिस ने घटनास्थल से तीन खोखे बरामद किए हैं, जिससे तीन राउंड फायरिंग का अनुमान है। सिटी एसपी पूर्वी परिचय कुमार ने बताया कि, 'फॉरेंसिक साइंस लैब (FSL) की टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया, जो घटनास्थल से साक्ष्य जुटा रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद घटना में शामिल अभियुक्त की पहचान विकास कुमार के रूप में की गई है।' इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

**कबाड़ी का काम करता है आरोपीः** थाना प्रभारी ने बताया कि, 'प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी कबाड़ी का काम करता है और इसी इलाके का निवासी है। बकाया पैसा के लेनदेन को लेकर विवाद इतनी बढ़ गई कि गोलीबारी कर दी गई।' इस घटना के बाद मुसल्लहपुर हाट के व्यापारियों और स्थानीय लोगों में चिंता है। उनका कहना है कि इलाके में पहले भी छोटे-मोटे विवाद होते रहे हैं, लेकिन फायरिंग की इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### नीट छात्रा रेप-मौत केसः मनीष रंजन को नहीं मिली जमानत

# कोर्ट की जांच अधिकारियों को फटकार, कहा- क्यों न आपके ऊपर ही केस कर दिया जाए?

एजेंसी, पटना



पटना के नीट छात्रा रेप-मौत मामले में जेल में बंद मनीष रंजन की जमानत याचिका पर गुरुवार को पटना के कोर्ट में सुनवाई हुई। करीब एक घंटा बहस चलने के बाद कोर्ट ने मनीष रंजन को जमानत नहीं दी है। अब तक की जांच पर कोर्ट ने सवाल उठाया है। लापरवाही सामने आने पर कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए जांच अधिकारियों को कहा कि क्यों न आपके ऊपर ही केस कर दिया जाए? सुनवाई के दौरान पटना पुलिस से सचिवालय SDPO-1 अन्नू कुमारी खुद मौजूद थीं। उनके साथ CBI की टीम भी मौजूद थी। अब इस मामले की अगली सुनवाई 28 फरवरी को होगी।


पिछले 43 दिनों से मनीष राजधानी के बेऊर जेल में बंद है। शम्भू गर्ल्स हॉस्टल जिस बिल्डिंग में चलाता था, मनीष उसी का मालिक है। मामले में बवाल बढ़ने के बाद पटना पुलिस ने मनीष के खिलाफ कार्रवाई की थी। छात्रा की मौत के तीसरे दिन यानी 14 जनवरी को पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया और कोर्ट में पेश किया। वहां से इसे ज्यूडिशियल कस्टडी में जेल भेज दिया गया। तब से मनीष बेऊर जेल में बंद है।

**पटना पुलिस और CBI पर जांच में गड़बड़ी के आरोपः** स्पेशल PP सुरेश चंद्र प्रसाद के अनुसार, पहले पटना पुलिस और फिर बाद में CBI ने इस केस की जांच में गड़बड़ी की है। मनीष रंजन को गिरफ्तार करने के बाद उससे कभी पूछताछ हुई ही नहीं। पुलिस ने कभी भी पूछताछ के लिए उसे रिमांड पर भी नहीं लिया। उन्होंने सवाल उठाया कि, 'जब केस CBI ने टेक ओवर किया तो केस को मजिस्ट्रेट कोर्ट में ही भेज दिया। जबकि, छात्रा के नाबालिग होने के कारण CBI को पॉक्सो कोर्ट में भेजना चाहिए था।' 28 फरवरी को जब इस मामले में अगली सुनवाई होगी, तब पुलिस और CBI को पूरी तैयारी करके आने को कहा है। कब किससे पूछताछ की और किसका बयान लिया गया है। इसकी पूरी चेन बनाकर लेकर आने को कहा है।

**सबूतों के साथ छेड़छाड़ हुई है- पीड़ित पक्ष के वकीलः** पीड़ित पक्ष के वकील एसके पांडेय ने बताया कि, 'सबूतों के साथ छेड़छाड़ हुई है, इस बात को रखा गया है। पुलिस ने मनीष रंजन का मोबाइल क्यों नहीं सीज किया? उसकी पड़ताल क्यों नहीं की? इस सवाल को उठाया गया है।' कोर्ट ने पुलिस से पूछा कि मनीष रंजन को क्यों गिरफ्तार किया? इस पर अपना पक्ष रखते हुए बताया गया कि मनीष रंजन ही इस प्रकरण का मास्टरमाइंड है। कपडों पर सीमेन मिला, इसके बाद जांच हुई, लेकिन सवाल यह है कि ये लोग आज तक अपराधी तक कैसे पहुंच नहीं पाए।

## बिहार में खुलेगा पहला वर्ल्ड क्लास स्पोर्ट्स इन्क्यूबेशन सेंटर

एजेंसी, पटना



♦ स्पोर्ट्स इक्विपमेंट से लेकर स्पोर्ट्स साइंस तक, स्पोर्ट्स एंटरप्रेन्योरशिप का मिलेगा मौका

बिहार में खेलों के समग्र विकास के लिए जल्द ही एक वर्ल्ड क्लास स्पोर्ट्स इन्क्यूबेशन सेंटर खोला जाएगा। यह राज्य का पहला ऐसा केंद्र होगा। इसकी स्थापना के लिए स्थान और अन्य औपचारिकताओं पर जल्द निर्णय लिया जाएगा। इस इन्क्यूबेशन सेंटर में खेल की आधारभूत संरचनाओं, स्पोर्ट्स इक्विपमेंट, स्पोर्ट्स साइंस, खेल के क्षेत्र में शोध एवं विकास, स्पोर्ट्स एंटरप्रेन्योरशिप और इनोवेशन जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा वैज्ञानिक तरीके से काम किया जाएगा। उद्देश्य यह है कि इन नवाचारों को प्रभावी ढंग से लागू कर खिलाड़ियों के प्रदर्शन में ठोस सुधार लाया जा सके।

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि, 'खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, IIT पटना, चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना और IIM बोधगया के संयुक्त मार्गदर्शन और प्रयास से राज्य में एक अत्याधुनिक विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स इन्क्यूबेशन सेंटर खोलने पर विशेषज्ञों के साथ विस्तार से चर्चा हुई। यह बुनियादी स्तर से लेकर उच्च स्तर के खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सकारात्मक बदलाव लाएगा।'

## राजस्व वसूली में लापरवाही पर बिहार परिवहन विभाग सख्त

एजेंसी, पटना



वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनवरी 2026 तक निर्धारित राजस्व लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं होने पर बिहार परिवहन विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है। विभागीय स्तर पर की गई समीक्षा में यह सामने आया कि कई जिलों में राजस्व संग्रहण की प्रगति बेहद धीमी रही है और निर्धारित लक्ष्य से काफी पीछे है। इस स्थिति को देखते हुए राज्य के विभिन्न जिलों में पदस्थापित जिला परिवहन पदाधिकारी (DTO), अपर जिला परिवहन पदाधिकारी (ADTO), मोटर वाहन निरीक्षक (MVI) एवं प्रवर्तन अवर निरीक्षक (Enforcement Sub-Inspector) सहित कुल 40 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

**तीन दिनों में मांगा गया जवाबः** परिवहन विभाग ने संबंधित अधिकारियों से तीन दिनों के भीतर लिखित स्पष्टीकरण देने को कहा है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अगर जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया तो संबंधित अधिकारियों के ख़िलाफ़ प्रपत्र 'क' गठित कर विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जाएगी। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि निर्धारित राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करना जिला स्तर के सभी पदाधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। लक्ष्य के मुकाबले कम उपलब्धि को गंभीर प्रशासनिक शिथिलता माना गया है।

# पटना में बना बिहार का पहला मॉडर्न श्मशान घाट

एजेंसी, पटना



**आदियोगी के तर्ज पर शिव प्रतिमा स्थापित, कैंटीन-वेटिंग हॉल भी मौजूद, ऑनलाइन कर सकते हैं स्लॉट बुक**

पटना के बांस घाट में हाई टेक श्मशान घाट का निर्माण किया गया है, जो कि बिहार का पहला मॉडर्न श्मशान घाट माना जा रहा है। यह श्मशान घाट 4.5 एकड़ में फैला है, जिसे 89.40 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। यह पिछले श्मशान घाट से तीन गुना बड़ा है, जो केवल 1.24 एकड़ में फैला था। पटना स्मार्ट सिटी और बुडको इस पूरे श्मशान घाट को विकसित किया गया है।

**श्मशान घाट में मोक्ष द्वार और बैकुंठ द्वार बनाए गएः** इस श्मशान घाट में मुख्य आकर्षण का केंद्र श्मशान घाट के दो द्वार हैं, जिसमें से एक मोक्ष द्वार और दूसरा बैकुंठ द्वार है। दोनों द्वार 42 फीट ऊंचा है। इसमें से एक एंट्री और दूसरा निकास पॉइंट है। दोनों द्वार में कांसे से बना ओम चिन्ह भी स्थापित किया गया है। इन दोनों द्वार को जालंधर के कारीगर ने तैयार किया है।

**अंतिम संस्कार की सामग्री के लिए बनाए गए 4 दुकानः** श्मशान घाट में द्वार से अंदर इंटर करते ही बाएं साइड में 4 दुकानें बनाई गई हैं, जिसमें अंतिम संस्कार को लेकर सामग्री मिलेंगी। लोग पूरे विधि-विधान से अंतिम संस्कार करने के लिए यहां से सामान खरीद सकते हैं। इससे यह सुनिश्चित होगा कि अंतिम संस्कार करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हों।

**एक साथ 18 शवों के अंतिम संस्कार की मिलेगी सुविधाः** बांस घाट के इस नए परिसर में एक साथ 18 शवों के अंतिम संस्कार की सुविधा मिलेगी। इसमें से 4 इलेक्ट्रिकल ओवन, 6 सेमी-इलेक्ट्रिकल और 8 ट्रेडिशनल तरीके से शव को जलाने की व्यवस्था है। इनमें चार इलेक्ट्रिक ओवन गुजरात से मंगाए गए हैं, जबकि 6 वुड क्रीमेसन ओवन बिहार की ही कंपनी ने तैयार किया हैं। इलेक्ट्रिक वाले में 15-20 मिनट में शव जलकर राख हो जाएंगे, जिसके लिए इलेक्ट्रिक पैनल भी बनाया गया है। इलेक्ट्रिक शवदाहगृह पारंपरिक लकड़ी के मुकाबले 90 फीसदी कम प्रदूषण फैलाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### हत्या के प्रयास मामले में तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी।** शिकारगंज थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास के एक मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार शिकारगंज थाना कांड संख्या 48/26 में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद लगातार छापेमारी की जा रही थी। तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर पुलिस ने तीनों आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में पन्नालाल राय पिता स्वर्गीय दुखीत राय, सोनालाल राय पिता स्वर्गीय दुखीत राय तथा संतोष सहनी पिता रामचंद्र सहनी शामिल हैं। तीनों गोढिया गांव थाना शिकारगंज जिला पूर्वी चंपारण के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है। साथ ही मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

### शिक्षक ने बेटों संग किया जानलेवा हमला, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**बीएनएम @ पताही।** थाना क्षेत्र के जिहुली गांव में एक प्राइवेट शिक्षक ने अपने दो बेटों के साथ मिलकर गांव के ही एक व्यक्ति पर घात लगाकर जानलेवा हमला किया। हमले में घायल व्यक्ति का सिर फट गया। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पताही पुलिस ने मुख्य आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मोतिहारी जेल भेज दिया है, जबकि उसके दोनों बेटों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

**घात लगाकर किया हमला**–घटना मंगलवार रात करीब 9 बजे की बताई जा रही है। पीड़ित शंभू साह (पिता- गुदरी साह) ने थाना में दिए आवेदन में बताया कि वह अपने काम से लौट रहे थे। इसी दौरान रामकुमार साह (करीब 55 वर्ष) अपने पुत्र कनाई कुमार और मृत्युंजय कुमार के साथ पहले से घात लगाकर बैठे थे। जैसे ही शंभू साह वहां पहुंचे, तीनों ने उन्हें घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।

**लोहे की रॉड और धारदार हथियार से फोड़ा सिर**–मारपीट के दौरान रामकुमार साह ने जान से मारने की नीयत से लोहे की रॉड और धारदार औजार (तेनाली/टेगुली) से शंभू साह के सिर पर जोरदार प्रहार किया। प्रहार से उनका सिर फट गया और वे खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़े।

**बेहोशी की हालत में लूट का आरोप**–पीड़ित ने आरोप लगाया कि जब वह अचेत पड़े थे, तब कनाई कुमार और मृत्युंजय कुमार ने उनके जेब में रखे 5 हजार रुपये नकद और गले से करीब 1 लाख रुपये मूल्य की सोने की चेन छीन ली। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों को देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

**अस्पताल में इलाज**–परिजनों ने घायल शंभू साह को पताही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

**मुख्य आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी**–पताही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी रामकुमार साह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मोतिहारी जेल भेज दिया। फरार दोनों बेटों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। थानाध्यक्ष बवन कुमार ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज कर मुख्य आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की गहराई से जांच की जा रही है और अन्य फरार आरोपियों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

### तुरकौलिया में पुलिस वाहन गड्ढे में लुढ़का, बाल-बाल बचे पुलिसकर्मी

**बीएनएम @ तुरकौलिया।** रघुनाथपुर थाना की एक पुलिस गाड़ी सड़क किनारे गड्ढे में लुढ़क गई। गाड़ी में चालक, एसआई और एक सिपाही सवार थे। घटना बालगंगा स्थित कचरा फेंकने वाली जगह के समीप की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार सामने से आ रहे बाइक सवार को बचाने के प्रयास में चालक ने गाड़ी मोड़ी, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरा। गाड़ी में सवार एसआई अशोक साही, चालक और सिपाही को हल्की चोटें आईं, हालांकि किसी को गंभीर नुकसान नहीं हुआ। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन को गड्ढे से बाहर निकाला। थानाध्यक्ष अलका कुमारी ने बताया कि बाइक सवार को बचाने के क्रम में थाना की सरकारी गाड़ी गड्ढे में चली गई थी, लेकिन सभी पुलिसकर्मी सुरक्षित हैं।

### शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, बाइक जब्त



**बीएनएम @ अरेराज।** जिले में शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के उद्देश्य से उत्पाद थाना अरेराज की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई हरसिद्धि थाना क्षेत्र अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय भादा के समीप मुख्य सड़क पर की गई। थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नाकेबंदी कर बाइक सवार युवकों को रोका। तलाशी के दौरान उनके पास से कुल 48 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद की गई। तस्करी में प्रयुक्त ग्लैमर मोटरसाइकिल (निबंधन संख्या BR22S7298) को भी मौके पर जब्त कर लिया गया। कार्रवाई में एएसआई अजीत सिंह और एएसआई राधा कुमारी की सक्रिय भूमिका रही। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान तुरकौलिया थाना क्षेत्र के सेमरा टोला परशरामपुर (वार्ड संख्या 01) निवासी 34 वर्षीय अमीर अंसारी और परशरामपुर (वार्ड संख्या 04) निवासी 28 वर्षीय नेजाम आलम के रूप में हुई है। अमीर अंसारी बाइक चला रहा था, जबकि नेजाम आलम उसके साथ सवार था। उत्पाद पुलिस ने दोनों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने कहा कि अवैध शराब कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### मुजफ्फरपुर से चोरी हुए 12 लाख के कपड़े हरसिद्धि से बरामद, दुकानदार गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी/हरसिद्धि।** मुजफ्फरपुर जिले के ट्रांसपोर्ट गोदाम से चोरी किए गए कपड़ों की बड़ी खेप को पुलिस ने हरसिद्धि थाना क्षेत्र के दूधही गांव से बरामद कर लिया। इस कार्रवाई में चोरी के सामान को छिपाकर रखने के आरोप में एक स्थानीय कपड़ा दुकानदार को भी गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार 20 फरवरी की रात अहियापुर थाना क्षेत्र के दादर स्थित आर के एक्सप्रेस ट्रांसपोर्ट के गोदाम का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने करीब 12 लाख रुपये मूल्य के कपड़ों के बंडल की चोरी कर ली थी। घटना के बाद ट्रांसपोर्ट मैनेजर नीरज कुमार पाण्डेय ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जांच के दौरान पुलिस ने गोदाम में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें दो पिकअप वाहनों से चोरी किए गए कपड़े ले जाते हुए चोर दिखाई दिए। फुटेज के आधार पर पुलिस ने संदिग्ध पिकअप वाहन के चालक को हिरासत में लिया। पूछताछ में चालक ने चोरी में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग दिए। इसके बाद अहियापुर पुलिस ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से दूधही गांव में छापेमारी कर चोरी किए गए कपड़ों के बंडल बरामद कर लिए। इस दौरान मौके से एक कपड़ा दुकानदार को भी गिरफ्तार किया गया, जिस पर चोरी के सामान को अपने पास रखने का आरोप है। इस संबंध में प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष ऋषभ कुमार ने बताया कि बरामद कपड़ों के साथ गिरफ्तार दुकानदार को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए अहियापुर थाना पुलिस अपने साथ ले गई है। मामले में अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

# फाइलेरिया से बचाव के लिए स्कूलों में खिलाई जा रही है सर्वजन दवाः सीएस

## जागरूकता फैलाने में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ रोगी हितधारक मंच के टीम कर रहें है सहयोग

बीएनएम @ मोतिहारी



स्वास्थ्य विभाग के द्वारा राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के लिए प्रतिबद्धता के साथ हर स्तर पर सार्थक प्रयास कर रही है। इस दौरान जिले में जन जागरूकता के साथ घर-घर सर्वजन दवा सेवन कराने के बाद अब स्कूलों में बूथ लगाकर बच्चों व शिक्षकों कों सर्वजन दवा का सेवन कराया जा रहा है। इस अभियान में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ ही रोगी हितधारक मंच के सदस्य बढ़ चढ़ कर सहयोग कर रहें है। सीएस डॉ. दिलीप कुमार ने बताया की फाइलेरिया एक गंभीर रोग है जिसका समाज के सभी तबके के सहयोग से उन्मूलन सम्भव है।इसके लिए सभी योग्य व्यक्ति दवा का सेवन करें, जिससे जिला फाइलेरिया मुक्त हो सके। अभियान की सफलता के लिए माइक्रो-प्लान बनाकर घर-घर जाकर लोगों फाइलेरिया से बचाव के लिए दो प्रकार की दवा एल्बेंडाजोल एवं डीईसी की दवा खिलायी जा रही है।

**गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को नहीं खानी है दवा**–जिले के वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉक्टर शरत चंद्र शर्मा ने कहा कि दवा गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति के अलावा दो वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों को छोड़कर शेष सभी लोगों को खिलाई जाएगी। उन्होंने कहा की यह रोग मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। यह मच्छर गंदे एवं रुके हुए पानी में पनपता है। इस मच्छर के काटने से किसी भी उम्र का व्यक्ति ग्रसित हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार फाइलेरिया दुनिया भर में दीर्घकालिक विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक है। लोगों की जिम्मेदारी है कि जब स्वास्थ्य कर्मी घर पहुंचे तो फाइलेरिया से मुक्ति के लिए दवा का सेवन करें। इन दवाओं के खाने से किसी भी प्रकार का कोई दुष्प्रभाव नहीं होता है।

## एस.एस.बी. व पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में प्रतिबंधित मादक पदार्थ बरामद



बीएनएम @ मोतिहारी

दिनांक 26 फरवरी 2026 को लगभग 1:30 बजे प्राप्त आसूचना के आधार पर यह जानकारी मिली कि कुछ व्यक्ति चंद्रमन गांव के पास खेतों के रास्ते नेपाल से भारत में नेपाली शराब की तस्करी कर रहे हैं। उक्त सूचना तत्काल महुआवा पुलिस को दी गई, जिसके पश्चात संयुक्त नाका दल मौके पर रवाना हुआ। लगभग 03:30 बजे चंद्रमन गांव के समीप सैनिक रोड पर पहुँचने पर दल ने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को खेतों के रास्ते सिर पर सामान लादे सैनिक रोड की ओर आते देखा। जांच हेतु दल द्वारा उन्हें रोकने का प्रयास किया गया, किंतु संदिग्ध व्यक्तियों ने सामान फेंक दिया और अंधेरा, कोहरा एवं खुले मैदान का लाभ उठाकर नेपाल की ओर फरार हो गए। मौके की तलाशी लेने पर नेपाली कस्तूरी शराब से भरे 6 बैग बरामद किए गए, जिनमें कुल 550 बोतलें पाई गईं। बरामद सामग्री को लगभग 03:45 बजे विधिवत जब्त कर आगे की आवश्यक कानूनी कार्यवाही हेतु पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। प्रकरण में अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

# वीर सावरकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

बीएनएम @ मोतिहारी



भाजपा नेता एवं उद्योगपति यमुना सीकरीया द्वारा वीर सावरकर की पुण्यतिथि अपने बी.एड कॉलेज परिसर में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ गुरुवार को मनाई गई। इस अवसर पर वार्ड पार्षद धीरज जायसवाल, अनिल प्रसाद, छात्र एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान यमुना सीकरीया ने वीर सावरकर जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सावरकर जी एक महान क्रांतिकारी एवं राष्ट्रभक्त थे, जिन्होंने देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि सावरकर जी का व्यक्तित्व और कृतित्व प्रत्येक पीढ़ी को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता है। उनके जीवन से हमें यह सीख मिलती है कि विपरीत परिस्थितियों में भी अपने संकल्प पर अडिग रहना चाहिए। उनका साहस, संयम और मातृभूमि के प्रति समर्पण भाव सदैव देशवासियों का पथ प्रदर्शित करता रहेगा। यमुना सीकरीया ने आगे कहा कि हिंदू संस्कृति एवं अखंड भारत की उनकी विचारशीलता और राष्ट्रनिष्ठा हम सभी देशवासियों के लिए अनुकरणीय है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु की गई बैठक

बीएनएम @ मोतिहारी



आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 14 मार्च 2026 के सफल आयोजन के मद्देनज़र गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मोतिहारी के तत्वावधान में सभी थानाध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक की अध्यक्षता पुनीत कुमार तिवारी, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, मोतिहारी एवं नितिन त्रिपाठी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मोतिहारी द्वारा संयुक्त रूप से की गई। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व, उद्देश्य एवं अधिकाधिक वादों के निष्पादन पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्ष द्वारा सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि लोक अदालत से संबंधित वादों में नोटिसों की शत-प्रतिशत तामिला सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। सचिव ने निर्देश दिया कि प्रत्येक वादकारी का मोबाइल नंबर नोटिस की कार्यालय प्रति पर अनिवार्य रूप से अंकित किया जाए, ताकि आवश्यकतानुसार पक्षकारों से संपर्क स्थापित कर सुनवाई की प्रक्रिया को सुगम बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि समयबद्ध एवं प्रभावी तामिला से ही राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सकता है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जो थानाध्यक्ष आज की बैठक में अनुपस्थित रहे, उनके विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। अधिकारियों को स्पष्ट किया गया कि लोक अदालत न्याय सुलभता का महत्वपूर्ण माध्यम है, अतः इसमें सभी संबंधित विभागों की सक्रिय सहभागिता अपेक्षित है। बैठक में राहुल कुमार एवं गरिमा रानी, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी उपस्थित रहीं तथा उन्होंने भी राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मोतिहारी ने सभी संबंधित अधिकारियों से अपेक्षा की है कि वे अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण तत्परता एवं गंभीरता के साथ करें, जिससे 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत अधिकतम वादों के निष्पादन के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

# कल्याणपुर में गृहभेदन गिरोह का खुलासा, तीन अपराधी गिरफ्तार

## सोने-चांदी के आभूषण व तीन मोबाइल बरामद, कई कांडों में संलिप्तता उजागर

बीएनएम @ मोतिहारी



पूर्वी चंपारण जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने गृहभेदन यानी चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से चोरी के सोने-चांदी के आभूषण और मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 24 फरवरी को कल्याणपुर थाना को गुप्त सूचना मिली थी कि बंद घरों का ताला काटकर चोरी करने वाला गिरोह इलाके में सक्रिय है। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदिग्धों की पहचान की और छापेमारी कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में खुर्शीद आलम, पिता स्वर्गीय नूर आलम, निवासी नेरुआ थाना मेहसी, टेमन कुमार, पिता मुल्लीलाल साह, निवासी फुलवरिया डेरा थाना कल्याणपुर तथा दीपक कुमार, पिता नवल किशोर साह, निवासी बाड़ा सेमरा थाना चकिया शामिल हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कई गृहभेदन की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस ने आरोपियों के पास से तीन मोबाइल फोन, चांदी का पायल, सोने जैसी अंगूठी, सोने जैसी कान की बाली तथा चांदी जैसे कंगन के दो जोड़े बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार गिरोह पहले बंद या सुनसान घरों की रेकी करता था और मौका पाकर ताला काटकर चोरी की घटना को अंजाम देता था। इस मामले में कल्याणपुर थाना कांड संख्या 89/26, 90/26, 91/26 के अलावा मेहसी थाना कांड संख्या 335/25, 361/25 तथा 311/25 में भी इनकी संलिप्तता सामने आई है। छापेमारी दल का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चकिया संतोष कुमार ने किया। टीम में अपर थानाध्यक्ष नवीन कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक निरंजन कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक रंजीत कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक चितरंजन कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक राकेश कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक दीपक कुमार, सिपाही रोशन कुमार देव, महिला सिपाही प्रिया शर्मा, महिला सिपाही मनीष कुमारी, सिपाही महेश दास तथा चौकीदार गजेंद्र कुमार शामिल थे। पुलिस ने गिरफ्तार तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की छापेमारी जारी है।

# प्रेम-प्रसंग में युवक की हत्या का 48 घंटे में खुलासा, एक गिरफ्तार

बीएनएम @ मोतिहारी



मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के हराजपुर टकुलिया बांध के नीचे मिले युवक के शव मामले का पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। इस हत्याकांड में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। जानकारी के अनुसार 22 फरवरी 2026 को हराजपुर टकुलिया बांध के समीप एक युवक का शव बरामद हुआ था। युवक का गला धारदार हथियार से काटा गया था। घटना को लेकर मुफ्फसिल थाना में कांड दर्ज कर पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया। 24 फरवरी को शव की पहचान विशाल पासवान, पिता धनेश पासवान, निवासी पतौरा बनकट थाना मुफ्फसिल के रूप में हुई। तकनीकी और मानवीय अनुसंधान के दौरान पुलिस को पता चला कि हत्या प्रेम-प्रसंग को लेकर की गई है। जांच में मुख्य आरोपी के रूप में रवि कुमार, पिता बद्री पासवान तथा उसके सहयोगी आदित्य कुमार, पिता महावीर पासवान, दोनों निवासी पतौरा बनकट का नाम सामने आया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर आदित्य कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। उसकी निशानदेही पर मुख्य आरोपी रवि कुमार का खून लगा कपड़ा बरामद किया गया है। इसके अलावा उजले रंग की एक जोड़ी चप्पल और चांदी जैसा दिखने वाला एक चेन भी जब्त किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं मुख्य अभियुक्त रवि कुमार की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## तेल टैंकर में छिपाकर ले जाया जा रहा 9100 लीटर थीनर जब्त, चालक गिरफ्तार



बीएनएम @ सुगौली

स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए तेल टैंकर में छिपाकर ले जाए जा रहे भारी मात्रा में थीनर को जब्त कर लिया। इस दौरान टैंकर चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह ने बताया कि बेतिया–मोतिहारी मुख्य सड़क पर छपवा के समीप फुलवरिया के पास वाहन जांच के दौरान एक संदिग्ध तेल टैंकर को रोका गया। जांच में टैंकर (रजिस्ट्रेशन संख्या BR09GC2390) के तीन चैंबरों से कुल 9100 लीटर थीनर बरामद हुआ। पुलिस ने टैंकर चालक रविंद कुमार (पिता राजकुमार यादव), निवासी अंबिका बिगहा, थाना मुफस्सिल, जिला नवादा को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने थीनर सहित टैंकर को जब्त कर लिया है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# 71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा पशु तस्करों के चंगुल से गाय मुक्त

बीएनएम @ मोतिहारी



दनिांक 25 फरवरी 2026 को लगभग 20:00 बजे प्राप्त विश्वसनीय आसूचना के आधार पर 71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने त्वरित एवं सुनियोजित कार्रवाई करते हुए लोहराटोला गांव के समीप नाकाबंदी दल को रवाना किया। लगभग 22:15 बजे, भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भारत की ओर स्थित सीमा स्तंभ से लगभग 100 मीटर की दूरी पर नाकाबंदी के दौरान, दल ने दो से तीन संदिग्ध व्यक्तियों को नेपाल की ओर से एक गाय के साथ भारतीय सीमा की ओर आते हुए देखा। नाकाबंदी दल को देखते ही संदिग्ध व्यक्ति गाय को वहीं छोड़कर नेपाल की दिशा में भागने लगे। एसएसबी जवानों ने तत्परता एवं साहस का परिचय देते हुए आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया, किंतु अंधेरे और सीमा की निकटता का लाभ उठाकर वे नेपाल की ओर भागने में सफल रहे। नाकाबंदी दल द्वारा गाय को सुरक्षित अपने कब्जे में लेकर विधिसम्मत अग्रिम कार्रवाई हेतु आदापुर पुलिस स्टेशन को सुपुर्द कर दिया गया। 71वीं वाहिनी एसएसबी द्वारा की गई यह कार्रवाई सीमावर्ती क्षेत्रों में तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बल द्वारा सीमा सुरक्षा एवं अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु सतत निगरानी और कड़ी कार्रवाई जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### हरैया थाना पुलिस की कार्रवाई, महिला के पास से 8.4 लीटर अवैध शराब बरामद

**बीएनएम @ रक्सौल।** जिले में अवैध शराब के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए हरैया थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक महिला को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के अहिरवा टोला से 58 वर्षीय रेशमा खातून (पति वकील मियां) को 28 पीस रशियन एम्बिशन फ्लेवर शराब (प्रत्येक 300 मिलीलीटर) के साथ पकड़ा गया। जब्त शराब की कुल मात्रा 8.4 लीटर बताई जा रही है, जिसे अवैध रूप से बिक्री के लिए रखा गया था। इस संबंध में थानाप्रभारी किशन कुमार पासवान ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर महिला को उसके घर से शराब के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब का कारोबार नशे की समस्या को बढ़ा रहा है, इसलिए पुलिस लगातार निगरानी और कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार जब्त शराब विदेशी ब्रांड की बताई जा रही है, जिसकी बाजार कीमत हजारों रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार महिला से पूछताछ कर उसके अन्य सहयोगियों और सप्लाई चेन के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस कार्रवाई के बाद इलाके में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

### बगहाः 3.35 करोड़ से बनेगा सरकारी भवन



**बीएनएम @ बगहाः** बगहा-एक प्रखंड की पतिलार पंचायत में विकास की एक नई इबारत लिखते हुए गुरुवार को पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। वर्षों के लंबे इंतजार के बाद, पंचायत की मुखिया पायल मिश्रा और मुखिया प्रतिनिधि डॉ. अभिषेक मिश्रा की उपस्थिति में पानी टंकी के समीप भूमि पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रबुद्ध समाजसेवी परशुराम मिश्रा ने विद्वान पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भवन की आधारशिला रखी।यह आधुनिक पंचायत सरकार भवन 3 करोड़ 35 लाख की भारी लागत से तैयार किया जाएगा, जिसे आगामी एक वर्ष के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। डॉ. अभिषेक मिश्रा ने बताया कि यह भवन अत्याधुनिक सुविधाओं और नवीन तकनीकी से लैस होगा, जहाँ अंचल और प्रखंड स्तर के कर्मी नियमित रूप से बैठेंगे। इससे ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए प्रखंड मुख्यालय की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी और उनकी समस्याओं का त्वरित निष्पादन स्थानीय स्तर पर ही संभव हो सकेगा। संवेदक जितेंद्र मिश्रा ने निर्माण की गुणवत्ता और समयसीमा के प्रति प्रतिबद्धता जताई। इस गरिमामयी समारोह में चंदरपुर रतवल के मुखिया नीतेश राव सहित दर्जनों गणमान्य लोग और समाजसेवी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पहल को पंचायत के विकास के लिए मील का पत्थर बताया।

### बिना विकल्प दिए मांस-मछली की बिक्री पर रोक तानाशाही : मुकेश सहनी

**उपमुख्यमंत्री के आदेश के बाद बिहार में मछली बाजार पर सियासी घमासान**



**बीएनएम @ पटना।** बिहार में खुले में मांस और मछली की बिक्री पर प्रतिबंध के फैसले ने राज्य की सियासत में उबाल ला दिया है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार, अब सड़क किनारे या सार्वजनिक स्थानों पर खुले में मांस-मछली बेचना प्रतिबंधित होगा। सरकार का तर्क है कि यह कदम स्वच्छता, सुव्यवस्थित यातायात और जन स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए उठाया गया है। हालांकि, इस प्रशासनिक आदेश के जारी होते ही विपक्षी खेमे और खास तौर पर मछली पालन व व्यवसाय से जुड़े समुदायों में गहरी नाराजगी देखी जा रही है।विकासशील इंसान पार्टी (VIP) के प्रमुख मुकेश सहनी ने इस फैसले पर तीखा प्रहार करते हुए इसे एक खास पेशे और समुदाय को लक्षित करने वाला बताया है। सहनी का आरोप है कि सरकार बिना किसी ठोस वैकल्पिक व्यवस्था या आधुनिक बाजारों के निर्माण के सीधे प्रतिबंध थोप रही है, जो कि अव्यावहारिक है। उन्होंने याद दिलाया कि अपने मंत्रित्व काल के दौरान उन्होंने राज्यभर में 5,000 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक मछली बाजार बनाने का खाका तैयार किया था, ताकि विक्रेताओं को सड़क किनारे न बैठना पड़े।वर्तमान स्थिति में यह विवाद केवल स्वच्छता तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि हजारों मछुआरों और छोटे दुकानदारों की आजीविका से जुड़ गया है। जहां सरकार इसे 'सिस्टम' सुधारने की कवायद बता रही है, वहीं विपक्ष इसे रोजगार पर चोट करार दे रहा है। आने वाले दिनों में यह मुद्दा सड़क से लेकर सदन तक और भी गरमा सकता है।

### शादी के चौथे दिन दुल्हन प्रेमी संग फरार, दूल्हे ने दर्ज कराई एफआईआर

**बीएनएम @ तुरकौलिया।** थाना क्षेत्र के मंझार गांव में शादी के महज चार दिन बाद दुल्हन के प्रेमी के साथ फरार होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित दूल्हे भानु शर्मा ने तुरकौलिया थाना में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराई है। बताया गया है कि भानु शर्मा की शादी 20 फरवरी को हिंदू रीति-रिवाज के साथ लक्की कुमारी के साथ हुई थी, जो संग्रामपुर थाना क्षेत्र के इन्द्रगाछी गांव की रहने वाली है। दूल्हे के अनुसार 24 फरवरी को उसकी पत्नी ने मोतिहारी स्थित एलएनडी कॉलेज में छात्रवृत्ति फॉर्म भरने की बात कही। वह पत्नी को लेकर कॉलेज पहुंचा, जहां लक्की कॉलेज के अंदर चली गई और भानु बाहर इंतजार करता रहा। काफी देर तक बाहर नहीं आने पर जब वह कॉलेज परिसर में गया तो पत्नी वहां नहीं मिली। बाद में कॉलेज के सीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि लक्की कुमारी एक युवक से बात करते हुए कॉलेज के पीछे के दरवाजे से निकल गई। दूल्हे का आरोप है कि उसकी पत्नी अपने साथ लाखों रुपये के गहने और करीब 50 हजार रुपये नकद भी लेकर चली गई है। पीड़ित ने बताया कि शादी से पहले भी एक संदेश आया था जिसमें शादी नहीं करने की बात कही गई थी, लेकिन ससुराल पक्ष ने उसे मजाक बताकर टाल दिया था। अब दूल्हे ने पत्नी, ससुराल पक्ष, कथित प्रेमी और उसके परिवार के लोगों पर धमकी देने का भी आरोप लगाया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष उमाशंकर मांझी ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### पूर्व मंत्री पूर्णमासी राम का निधन, जिले में शोक



**बीएनएम @ बेतिया।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री स्व. पूर्णमासी राम के असामयिक निधन से पूरे जिले में शोक की लहर व्याप्त है। उनके सम्मान में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन ने पूरे राजकीय सम्मान के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी। इस अवसर पर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की।उप विकास आयुक्त ने स्व. पूर्णमासी राम को एक कर्मठ और सरल व्यक्तित्व का धनी बताते हुए कहा कि उन्होंने सदैव वंचितों और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के उत्थान के लिए कार्य किया। राजकीय सम्मान के साथ उन्हें सलामी दी गई और प्रशासन की ओर से पुष्पचक्र अर्पित कर उनके योगदान को याद किया गया। जिला प्रशासन ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की हैं।

# भादा पुल के पास गुमटी व घर में छापेमारी, 33.575 लीटर शराब बरामद; दो गिरफ्तार

**बीएनएम @ हरसिद्धि**




गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने भादा पुल के समीप एक गुमटी और उससे जुड़े घर में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। कार्रवाई के दौरान कुल 33.575 लीटर शराब जब्त की गई तथा दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार छापेमारी में 180 एमएल की 75 पीस फ्रूटी पैक में रखी शराब (13.500 लीटर), ऑफिसर्स चॉइस की 12 बोतल (2.200 लीटर), किंगफिशर बीयर की 20 बोतल (10 लीटर), रॉयल स्टैग व्हिस्की की 3 बोतल 350 एमएल (1.125 लीटर), ब्लेंडर्स प्राइड व्हिस्की की 3 बोतल 750 एमएल (2.250 लीटर) तथा रॉयल स्टैग व्हिस्की की 6 बोतल 750 एमएल (4.500 लीटर) बरामद की गई। मौके से भादा वार्ड संख्या 8 निवासी 19 वर्षीय राज कुमार (पुत्र उपेंद्र साह) और 20 वर्षीय प्रशांत कुमार (पुत्र लाल बाबू साह) को गिरफ्तार किया गया। प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक सह थानाध्यक्ष ऋषभ कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर भादा पुल के पास गुमटी और घर में एक साथ छापेमारी की गई, जहां से बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई। दोनों आरोपियों के विरुद्ध मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पताही में शराब विरोधी अभियान, चार आरोपी गिरफ्तार

**बीएनएम @ पताही**



स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर शराबियों और शराब कारोबारियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पताही थाना क्षेत्र से मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए मोतिहारी जेल भेज दिया गया। इस संबंध में पताही थानाध्यक्ष बबन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में छापेमारी कर चार अभियुक्तों को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों में दिवाकर कुशवाहा (पिता स्व. चंद्रभूषण कुशवाहा) निवासी सुगापिपर, जितेंद्र राम (पिता महादेव राम) एवं शत्रुघ्न कुमार (पिता चुल्हाई राम) दोनों निवासी सुगिया कटसरी थाना शिवहर, तथा रंजन कुमार (पिता हरिशंकर राम) निवासी सगर्दीना थाना चिरैया शामिल हैं। पुलिस के अनुसार सभी



आरोपियों के खिलाफ मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## 90 पीस अंग्रेजी शराब के साथ शिवराजपुर के दो युवक गिरफ्तार

**बीएनएम @ अरेराज**



मलाही थाना क्षेत्र में पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 90 पीस 8PM टेट्रा पैक अंग्रेजी शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बड़ा बाजार पुल के पास नाकेबंदी की थी। इसी दौरान एक संदिग्ध बाइक को रोककर तलाशी ली गई। जांच के दौरान बाइक की डिक्की और सीट के नीचे बनाए गए गुप्त स्थान से 90 पीस अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब के साथ तस्करी में इस्तेमाल की जा रही बाइक को भी जब्त कर लिया। इस मामले में पुलिस ने दो तस्करों को मौके से गिरफ्तार किया है, जो शिवराजपुर गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। मामले की पुष्टि करते हुए सुमन भारती ने बताया कि क्षेत्र में शराब की खेप आने की सटीक सूचना मिली थी, जिसके आधार पर टीम गठित कर नाकेबंदी की गई और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत बाल्मीकिनगर के लिए रवाना हुए छात्र

**बीएनएम @ रामगढ़वा**




बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना' के तहत गुरुवार को रामगढ़वा उच्च विद्यालय से छात्र-छात्राओं का एक दल बस द्वारा वाल्मीकि नगर के लिए रवाना हुआ। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबों से बाहर निकलकर प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक धरोहरों से परिचित कराना है। भ्रमण दल का नेतृत्व एनसीसी अधिकारी मुकेश कुमार कर रहे हैं, जबकि पूरी व्यवस्था का दायित्व व्यवस्थापक धीरेंद्र किशोर संभाल रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद इकबाल के नेतृत्व में शिक्षकों की टीम भी छात्रों के साथ गई है, जिसमें दीपमाला कुमारी, आनंद प्रकाश और अनुप्रिया कुमारी शामिल हैं। व्यवस्था को सुचारू बनाने में परिचारी अरुण कुमार राम भी सहयोग कर रहे हैं। इसके अलावा सहयोगी शिक्षकों के रूप में कुशवाहा कांत, मोहम्मद मुमताज और आशाहेब आलम भी साथ मौजूद हैं। इस शैक्षणिक टूर में लगभग 40 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। एनसीसी कैडेट उत्तम कुमार, अभिषेक कुमार सहित अन्य कैडेटों में भ्रमण को लेकर खासा उत्साह देखा गया। राज्य सरकार की इस योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को बिहार की समृद्ध संस्कृति, इतिहास और पर्यटन स्थलों से परिचित कराया जाता है, जिससे उनके मानसिक और बौद्धिक विकास में मदद मिलती है। स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षित व मंगलमय यात्रा की कामना की।

## 15 दिनों से ठप राजस्व कार्य, हड़ताल से लोग बेहाल, जमीन संबंधी काम के लिए कार्यालयों के काट रहे चक्कर

**बीएनएम @ सिकरहना**



चिरैया प्रखंड सहित पूरे बिहार में बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ के आह्वान पर राजस्वकर्मी पिछले 15 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इस हड़ताल से अंचल एवं राजस्व कार्यालयों का कामकाज पूरी तरह प्रभावित हो गया है, जिससे जमीन से जुड़े सभी आवश्यक कार्य ठप पड़ गए हैं और आम लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। हड़ताल के कारण दाखिल-खारिज, जमीन की जांच, भूमि मापी, परिमार्जन, आवासीय प्रमाणपत्र, पारिवारिक सूची, जाति प्रमाणपत्र तथा दाखिल रसीद जैसे जरूरी कार्य नहीं हो पा रहे हैं। रोजाना बड़ी संख्या में लोग अंचल कार्यालय पहुंच रहे हैं, लेकिन कर्मियों की अनुपस्थिति के कारण उनकी फाइलों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इससे लोग मायूस होकर वापस लौटने को मजबूर हैं। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि जून 2025 में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के साथ मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में उनकी मांगों को लेकर लिखित समझौता हुआ था, लेकिन अब तक उसे लागू नहीं किया गया है। उनका कहना है कि सरकार ने केवल आश्वासन दिया, लेकिन उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। हड़ताल के 15 दिन बीत जाने के बाद भी सरकार और संघ के बीच कोई सार्थक वार्ता नहीं हो सकी है, जिससे स्थिति जस की तस बनी हुई है। राजस्वकर्मियों की प्रमुख मांगों में ग्रेड पे 2800 लागू करना, पदनाम बदलकर सहायक राजस्व अधिकारी करना तथा प्रोन्नति में कोटा निर्धारित करना शामिल है। इसके अलावा कार्यालयों में आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने, तकनीकी सुविधाएं बढ़ाने और लंबित मांगों का शीघ्र समाधान करने की मांग भी उठाई गई है। संघ के अमित कुमार ने कहा कि सीमित संसाधनों और बढ़ते कार्यभार के बावजूद कर्मियों से अतिरिक्त जिम्मेदारियां निभाने की अपेक्षा की जाती है, जिससे कार्य प्रभावित हो रहा है। संघ के अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि हड़ताल के दौरान अन्य कर्मियों से राजस्व कार्य कराना नियमावली के विरुद्ध है, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित हो सकती है और त्रुटियों की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। इधर, हड़ताल का सबसे अधिक असर आम जनता पर पड़ रहा है। जमीन से जुड़े कार्य, प्रमाणपत्र बनवाने और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोग लगातार कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को आर्थिक नुकसान के साथ समय की बर्बादी भी झेलनी पड़ रही है। आम लोगों ने सरकार से जल्द समाधान निकालने की मांग की है, ताकि ठप पड़ी व्यवस्था फिर से पटरी पर लौट सके और लोगों को राहत मिल सके।

## 12 हजार रुपये रिश्वत लेते पंचायत सचिव गिरफ्तार



**बीएनएम @ पटना/रोहतास**

भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए निगरानी अन्वेषण ब्यूरो बिहार की टीम ने गुरुवार को पंचायत सचिव को 12 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सत्यराज पंडित के रूप में हुई है, जो करगहर अंचल के बेरसन पंचायत में पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत थे। निगरानी ब्यूरो को शिकायत मिली थी कि आरोपी पंचायत में वार्ड सदस्य के 10 से 15 आवेदन कार्यों के मानदेय के भुगतान के बदले 12 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहा है। शिकायत के सत्यापन के बाद निगरानी की टीम ने जाल बिछाया और आरोपी को रोहतास मोड़ के समीप आम के पेड़ के पास से 12 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। कार्रवाई का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक बीनीता सिंह के नेतृत्व में किया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की जा रही है। निगरानी टीम उसे आगे की कार्रवाई के लिए विशेष न्यायालय, निगरानी, पटना में प्रस्तुत करेगी। ब्यूरो ने बताया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## छोटे कदम, बड़े बदलाव' पुस्तक का विमोचन




**» 38 जिलों के नन्हे वैज्ञानिकों ने दिखाए मॉडल**

**बीएनएम @ पटना**

पटना स्थित राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् परिसर में गुरुवार को विज्ञान और गणित विषयों पर आधारित राज्य स्तरीय प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग मेला सह प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार और शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेंद्र ने किया। मंत्रा सोशल सर्विसेज के सहयोग से आयोजित इस मेले में राज्य के सभी 38 जिलों के कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम के दौरान 'छोटे कदम, बड़े बदलाव' नामक पुस्तक का विमोचन किया गया, जो सरकारी शिक्षकों के नवाचारी अनुभवों का संग्रह है। शिक्षा मंत्री ने विद्यार्थियों के मॉडल्स की सराहना करते हुए कहा कि बिहार अब प्रयोग आधारित शिक्षा (Activity-based Learning) की ओर तेजी से बढ़ रहा है, जो आगामी राष्ट्रीय सर्वेक्षण 'PARAKH' में राज्य को गौरवान्वित करेगा। कार्यक्रम में 'गैलरी वॉक', 'अनुभव से नेतृत्व' विषय पर पैनल चर्चा और 'किलकारी' के बच्चों द्वारा विज्ञान आधारित नाटक विशेष आकर्षण रहे। अंत में गणित और विज्ञान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यालयों और छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## दो घंटे में बरामद हुए लापता दो मासूम, पुलिस की त्वरित कार्रवाई

**बीएनएम @ बेतिया**



शिकरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम आजूआ से लापता हुए दो बच्चों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज दो घंटे के भीतर बरामद कर लिया। जानकारी के अनुसार 26 फरवरी की सुबह करीब 9 बजे सूचना मिली कि इक़बाल खान की चिमनी भट्ठा पर काम करने वाले भोला धांगर का 10 वर्षीय पुत्र गुन्ना कुमार तथा संजय धांगर का 8 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार 25 फरवरी की दोपहर करीब 3 बजे से घर से कहीं चले गए थे। इस संबंध में परिजनों ने शिकरपुर थाना में लिखित आवेदन देकर बच्चों के गायब होने की सूचना दी। पुलिस ने आवेदन के आधार पर शिकरपुर थाना कांड संख्या 242/26 दर्ज कर BNS की धारा 137(2)/140(3) के तहत मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नरकटियागंज के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों बच्चों को लौरिया क्षेत्र से बरामद कर लिया। बरामद बच्चों में गुन्ना कुमार (10 वर्ष) पिता भोला धांगर और शिवम कुमार (8 वर्ष) पिता संजय धांगर शामिल हैं। दोनों परिवार मूल रूप से बैसा लोटन, थाना वाल्मीकि नगर, जिला बगहा के रहने वाले बताए जाते हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि बच्चों की गुमशुदगी या अपहरण से जुड़ी किसी भी सूचना की पुष्टि किए बिना सोशल मीडिया पर अफवाह न फैलाएं। साथ ही अभिभावकों से बच्चों पर विशेष ध्यान रखने और नियमित रूप से स्कूल भेजने की भी अपील की गई है।

# भारत को बांग्लादेश के साथ बेहतर समन्वय की जरुरत

बांग्लादेश के साथ भारत की कूटनीति का तीसरा पहलू क्षेत्रीय भू राजनीति से जुड़ा है। बांग्लादेश भारत की पड़ोसी पहले की नीति का मुख्य केंद्र रहा है। कनेक्टिविटी, सीमा प्रबंधन, ऊर्जा सहयोग, जल बंटवारा और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर दोनों देशों की परस्पर निर्भरता गहरी है। शांतिपूर्ण सह अस्तित्व की भारत की विदेश नीति पिछले कुछ दशकों में पूरी तरह से विफल हो गई थी। लगभग सभी पड़ोसी देशों के साथ भारत के संबंधों में तनाव आ गया था। अब भारत ने नए सिरे से संबंध सुधार के प्रयास शुरू किए हैं। बांग्लादेश के नव निर्वाचित प्रधानमंत्री तारिक रहमान के शपथ समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शामिल हुए। वे अपने साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चि_ी लेकर गए थे। प्रधानमंत्री ने उनको भारत आने का न्योता दिया है। यह सिर्फ औपचारिक शिष्टाचार नहीं है, बल्कि यह एक सुविचारित कूटनीतिक पहल भी है। यह पहल दोपक्षीय संबंधों की निरंतरता और उच्च स्तरीय राजनीतिक विश्वास को दिखाता है। दूसरी ओर इसी यात्रा में भारत के विदेश सचिव का बांग्लादेश के प्रमुख विपक्षी नेता और जमात ए इस्लामी के प्रमुख शफीकुर्रहमान से मिलना इस बात का संकेत है कि भारत अपनी नीति को बहुस्तरीय और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से आगे बढ़ा रहा है। भारत की एक बहुत अच्छी कूटनीतिक पहल यह रही कि किसी केंद्रीय मंत्री को भेजने की बजाय लोकसभा के स्पीकर को शपथ समारोह में भेज गया। यह दो देशों के संबंधों की भावना को रेखांकित करता है। स्पीकर का पद दलीय राजनीति से ऊपर माना जाता है, इसलिए यह संदेश गया कि भारत की प्रतिबद्धता सिर्फ किसी एक दल या सरकार तक सीमित नहीं है, बल्कि वह संस्थागत संबंधों को महत्व देता है। प्रधानमंत्री का पत्र और भारत आने का निमंत्रण इस बात का संकेत है कि नई सरकार के साथ संवाद को जल्दी से जल्दी और सकारात्मक दिशा में ले जाने की भारत की मंशा है। दूसरी रणनीतिक पहल विदेश सचिव विक्रम मिस्री की बांग्लादेश के विपक्षी नेता से मुलाकात है। शफीकुर्रहमान, बांग्लादेश की कट्टरपंथी जमात ए इस्लामी के प्रमुख हैं। जमात को पहली बार बांग्लादेश की तीन सौ सदस्यों की संसद में करीब 70 सदस्यों का प्रतिनिधित्व मिला है। यह एक तरह से उसकी राजनीतिक वैधता है।

# बंगाल में 'दीदी बनाम मोदी' की सीधी जंग, तमिलनाडु में द्रविड़ किले पर 'विजय' फैक्टर की दस्तक

**कांतिलाल मांडोत**

देश की सियासत एक बार फिर दो बड़े गैर-भाजपा शासित राज्यों,पश्चिम बंगाल और तमिलनाडुकी ओर टिकी है। दोनों राज्यों में विधानसभा चुनाव की आहट तेज हो चुकी है और राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ रहा है। एक ओर बंगाल में 'दीदी बनाम मोदी' की सीधी लड़ाई आकार ले रही है, तो दूसरी ओर तमिलनाडु में द्रविड़ राजनीति के पारंपरिक द्वंद्व के बीच अभिनेता विजय की एंट्री ने मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। इन दोनों राज्यों के चुनाव न केवल क्षेत्रीय राजनीति की दिशा तय करेंगे, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के समीकरणों पर भी गहरा असर डाल सकते हैं। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी डेढ़ दशक से सत्ता में हैं। 34 साल तक चले वाम शासन के 'लाल किले' को भेदकर सत्ता में आईं ममता आज भी आक्रामक तेवर में नजर आती हैं। उनके लिए महिला मतदाता, अल्पसंख्यक समर्थन, सामाजिक योजनाएं और मजबूत बूथ कैडर चुनावी आधार की धुरी हैं। लक्ष्मी भंडार जैसी योजनाओं ने ग्रामीण और महिला वोट बैंक में गहरी पैठ बनाई है। इसके साथ ही ममता की सड़क पर उतरकर संघर्ष करने वाली छवि पार्टी कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरती है। हाल के महीनों में भर्ती घोटाले, मंत्रियों की गिरफ्तारी, हजारों नियुक्तियों के रद्द होने और कुछ चर्चित घटनाओं ने सरकार की छवि पर सवाल जरूर खड़े किए हैं, लेकिन ममता इन आरोपों को राजनीतिक साजिश बताते हुए सीधे मुकाबले की रणनीति अपना रही हैं।

दूसरी ओर, भाजपा ने बंगाल में पिछले चुनाव में उल्लेखनीय बढ़त दर्ज की थी। 2021 के चुनाव में पार्टी ने 77 सीटें जीतकर खुद को मुख्य विपक्ष के रूप में स्थापित किया। भाजपा की रणनीति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे, 'डबल इंजन' सरकार के वादे और संगठित बूथ प्रबंधन पर टिकी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई केंद्रीय नेताओं के दौरे लगातार बढ़ रहे हैं। पार्टी घुसपैठ, भ्रष्टाचार, महिलाओं के खिलाफ अपराध और कानून-व्यवस्था को मुख्य मुद्दा बना रही है। फिर भी भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती राज्य स्तर पर ममता के कद का सर्वमान्य चेहरा खड़ा करना है। स्थानीय नेतृत्व की कमी और बंगाली अस्मिता के सवाल पर टीएमसी की आक्रामक राजनीति भाजपा के लिए कठिन परीक्षा बन सकती है। बंगाल की राजनीति में 'सड़क की ताकत' को निर्णायक माना जाता है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि जो सड़क पर दिखता है, वही चुनावी धारणा गढ़ता है। फिलहाल ममता की सक्रियता और संगठन की जमीनी मौजूदगी उन्हें बढ़त देती दिखती है, लेकिन भाजपा का मत प्रतिशत बढ़ा है और पार्टी अपने समर्थकों को यह भरोसा दिलाने की कोशिश में है कि सत्ता परिवर्तन संभव है। वाम दल और कांग्रेस अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। यदि विपक्षी वोटों का बिखराव होता है तो इसका सीधा लाभ टीएमसी को मिल सकता है। तमिलनाडु की तस्वीर अलग है, लेकिन उतनी ही रोचक। यहां पांच दशकों से द्रविड़ दलों का वर्चस्व कायम है। मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कड़गम और विपक्षी अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के बीच रहा है। 2021 में डीएमके ने बहुमत हासिल कर सत्ता में वापसी की थी। मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन सामाजिक कल्याण योजनाओं, क्षेत्रीय अस्मिता और केंद्र के साथ टकराव की राजनीति को आधार बना रहे हैं। हिंदी थोपने के आरोप और संघीय ढांचे के मुद्दे को भी डीएमके जोर-शोर से उठा रही है। एआईएडीएमके, जो कभी जे. जयललिता के नेतृत्व में मजबूत धुरी थी, उनके निधन के बाद से आंतरिक खींचतान से जूझ रही है। पार्टी भाजपा के साथ गठबंधन में है, लेकिन सीट बंटवारे को




लेकर खींचतान जारी है। भाजपा राज्य में अपनी स्वतंत्र पहचान मजबूत करना चाहती है और 50 से अधिक सीटों की मांग कर रही है, जबकि एआईएडीएमके सीमित साझेदारी के पक्ष में है। भाजपा की कोशिश एआईएडीएमके से अलग हुए नेताओं को फिर से साथ लाकर व्यापक एनडीए खड़ा करने की है। तमिलनाडु की राजनीति में इस बार सबसे बड़ा नया फैक्टर अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) है। युवाओं और दक्षिण तमिलनाडु में विजय की लोकप्रियता ने चुनाव को त्रिकोणीय बनाने की संभावना बढ़ा दी है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि टीवीके 10-15 प्रतिशत वोट भी हासिल करती है तो यह पारंपरिक समीकरणों को बदल सकता है। विजय खुद को भ्रष्टाचार और परिवारवाद के खिलाफ विकल्प के रूप में पेश कर रहे हैं। उन्होंने डीएमके और भाजपा दोनों से दूरी बनाकर तीसरे मोर्चे की संभावना खुली रखी है। कांग्रेस इस राज्य में डीएमके के साथ गठबंधन में है और अधिक सीटों की मांग कर रही है, लेकिन अंतिम फैसला सीट शेयरिंग वार्ता पर निर्भर करेगा। भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए तमिलनाडु में विस्तार की चुनौती बरकरार है, क्योंकि यहां राष्ट्रीय दलों की भूमिका अब तक सीमित रही है। दोनों राज्यों में एक समान तत्व है।पहचान की राजनीति और कल्याणकारी योजनाओं का प्रभाव। बंगाल में जहां महिला और अल्पसंख्यक वोट निर्णायक माने जाते हैं, वहीं तमिलनाडु में सामाजिक न्याय, भाषा और क्षेत्रीय गर्व का मुद्दा अहम है। भाजपा इन दोनों राज्यों में अपनी जड़ें गहरी करने की कोशिश में है, लेकिन उसे स्थानीय भावनाओं और मजबूत क्षेत्रीय नेतृत्व की दीवार से जूझना पड़ रहा है। आगामी चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन या पुनरावृत्ति का प्रश्न नहीं हैं। यह क्षेत्रीय बनाम राष्ट्रीय राजनीति की परीक्षा भी है। बंगाल में यदि ममता फिर जीतती हैं तो उनका कद राष्ट्रीय विपक्ष की धुरी के रूप में और मजबूत होगा। वहीं भाजपा यदि सीटों में बड़ी बढ़त दर्ज करती है तो पूर्वी भारत में उसका विस्तार नया अध्याय लिखेगा। तमिलनाडु में डीएमके की वापसी द्रविड़ मॉडल की पुष्टि मानी जाएगी, जबकि एआईएडीएमके-भाजपा गठबंधन की सफलता दक्षिण भारत में भाजपा की संभावनाओं को नई ऊर्जा दे सकती है। और यदि विजय की पार्टी उल्लेखनीय प्रदर्शन करती है, तो यह राज्य की राजनीति में स्थायी बदलाव की शुरुआत हो सकती है। इस तरह 2026 के विधानसभा चुनाव बंगाल और तमिलनाडु में केवल सरकार चुनने का अवसर नहीं, बल्कि राजनीतिक दिशा तय करने की निर्णायक घड़ी बनते जा रहे हैं। देश की निगाहें अब इन दो राज्यों पर टिकी हैं, जहां हर रैली, हर बयान और हर गठबंधन भविष्य की राजनीति की पटकथा लिख रहा है।फिर भी कयास लगाए जा रहे है कि मतदाता जंगलराज से परेशान है ओर इसकी तैयारी कर चुकी भाजपा जीत का दावा कर परिवर्तन की पूर्ण सम्भावना बताई जा रही है।

# शिक्षा को हिंसक नहीं, संवेदनशील बनाना होगा

**ललित गर्ग**

देश में इन दिनों बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं और सामान्य परीक्षाएं भी शुरू होने वाली हैं। हर साल की तरह इस बार भी परीक्षा का मौसम केवल प्रश्नपत्रों और परिणामों का नहीं, बल्कि मानसिक दबाव, चिंता और असुरक्षा का मौसम बनता जा रहा है। छात्रों के चेहरों पर भविष्य की चिंता साफ पढ़ी जा सकती है। यह चिंता केवल अच्छे अंक लाने की नहीं, बल्कि अपेक्षाओं के बोझ को ढोने की है। दुर्भाग्य यह है कि यह दबाव कई बार इतना असहनीय हो जाता है कि वह आत्मघाती या हिंसक रूप ले लेता है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े एक भयावह सच उजागर करते हैं। वर्ष 2013 से 2023 के बीच छात्रों की आत्महत्या की दर में लगभग 65 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि हजारों परिवारों के टूटने की कहानी है। इन आत्महत्याओं के पीछे पढ़ाई का दबाव, पारिवारिक अपेक्षाएं, सामाजिक तुलना और आर्थिक तनाव प्रमुख कारण बताए जाते हैं। लेकिन हाल में लखनऊ में जो घटना सामने आई, उसने इस संकट को एक और खतरनाक दिशा में मोड़ दिया है। लखनऊ की घटना केवल परीक्षा दबाव की कहानी नहीं है, बल्कि परिवारों में बढ़ती संवेदनहीनता, संवादहीनता और मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा का दर्पण है। पुलिस जांच के अनुसार एक पैथोलॉजी लैब संचालक पिता अपने बेटे को डॉक्टर बनाना चाहते थे और उस पर नीट जैसी परीक्षा पास करने का लगातार दबाव बना रहे थे। घटना वाले दिन भी दोनों के बीच बहस हुई और 21 वर्षीय युवक ने पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपराध छिपाने के लिए शव के टुकड़े किए, कुछ बाहर फेंके, कुछ घर में छिपाए, छोटी बहन को धमकाया और पुलिस को गुमराह करने के लिए पहले लापता होने और फिर आत्महत्या की कहानी गढ़ी। यह सब बताता है कि यह क्षणिक आवेश नहीं था, बल्कि भीतर लंबे समय से पल रही कुंठा, आक्रोश और मानसिक विघटन का परिणाम था। प्रश्न यह है कि एक बेटे के भीतर इतनी नफरत कैसे पनप सकती है? क्या 'कुछ बनने' का दबाव इतना भारी हो सकता है कि वह रिश्तों को भी तार-तार कर दे? हर माता-पिता चाहते हैं कि उनकी संतान सफल हो, प्रतिष्ठित करियर बनाए, समाज में सम्मान पाए। लेकिन जब यह चाहत संवाद और सहयोग की जगह नियंत्रण और दबाव का रूप ले लेती है, तब वह प्रेरणा नहीं, मानसिक उत्पीड़न बन जाती है। जब शिक्षा जीवन-निर्माण का माध्यम न होकर, विनाश का कारण बन जाती है। भारत में नीट और जी जैसी प्रतियोगी परीक्षाएं लाखों युवाओं के लिए उम्मीद का प्रतीक हैं। नीट में पिछले वर्ष 23 लाख से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया, जबकि ज्वाइंट एन्टरेंस एक्जामिनेशन (जेईई) के एक सत्र में 13 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने आवेदन किया। इन लाखों विद्यार्थियों में से केवल कुछ हजार ही शीर्ष संस्थानों तक पहुंच पाते हैं। शेष विद्यार्थियों के हिस्से अक्सर निराशा, आत्मग्लानि और सामाजिक तुलना का दंश आता है। जब सफलता का पैमाना केवल रैंक और अंक बन जाए, तो असफलता जीवन का अंत प्रतीत होने लगती है। कोटा जैसे कोचिंग केंद्रों में हर वर्ष आत्महत्या की खबरें सामने आती हैं। कोटा देश की कोचिंग राजधानी कही जाती है, जहां हजारों छात्र सपने लेकर पहुंचते हैं। लेकिन उन्हीं सपनों का बोझ कई बार उनके जीवन से भारी पड़ जाता है। यह केवल व्यक्तिगत कमजोरी का मामला नहीं है, बल्कि एक ऐसी शिक्षा प्रणाली का परिणाम है जिसमें प्रतियोगिता सहयोग से अधिक महत्त्वपूर्ण हो गई है। लखनऊ की घटना में एक और तथ्य उल्लेखनीय है-आरोपी छात्र की मां का निधन हो चुका था। घर में चाचा-चाची मौजूद थे, लेकिन क्या उस युवक की मनःस्थिति को समझने का प्रयास किया गया? क्या उसके भीतर के तनाव, अकेलेपन और भय को किसी ने सुना? यदि परिवार में नियमित संवाद होता, यदि मानसिक स्वास्थ्य को उतनी ही गंभीरता से लिया जाता जितनी अंकों को, तो शायद यह भयावह वारदात टाली जा सकती थी। आज समस्या केवल आत्महत्या तक सीमित नहीं है। बच्चे हिंसक भी हो रहे हैं। यह हिंसा बाहरी नहीं, भीतर से उपज रही है-कुंठा, अपमानबोध, तुलना और असफलता के भय से। जब बच्चे को यह महसूस होने लगे कि वह केवल एक 'प्रोजेक्ट' है, एक 'इन्वेस्टमेंट' है, जिसे किसी निश्चित पेशे में ढालना है, तब उसकी स्वतंत्र पहचान कुचल जाती है। वह या तो भीतर ही भीतर टूट जाता है या विस्फोट कर देता है। शिक्षा का उद्देश्य जीवनदायिनी होना चाहिए-विवेक, संवेदना और आत्मविश्वास का विकास करना चाहिए। लेकिन जब शिक्षा केवल प्रतिस्पर्धा और रैंकिंग का माध्यम बन जाए, तो वह तनाव और हिंसा को जन्म देती है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि हर बच्चा डॉक्टर या इंजीनियर नहीं बन सकता, और न ही बनना चाहिए। विविध प्रतिभाओं को सम्मान देने वाली सामाजिक मानसिकता विकसित किए बिना यह संकट कम नहीं होगा। इस संदर्भ में तीन स्तरों पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता है। पहला, परिवार। माता-पिता को यह समझना होगा कि अपेक्षा और दबाव में अंतर है। अपेक्षा प्रेरणा देती है, दबाव भय पैदा करता है। बच्चों के साथ खुला संवाद, उनकी रुचियों को समझना, असफलता को स्वीकार्य बनाना और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। 'तुम्हें डॉक्टर बनना ही है' की जगह 'तुम जो बनना चाहो, हम साथ हैं' जैसी सोच विकसित करनी होगी। दूसरा, शिक्षा संस्थान। स्कूल और कोचिंग संस्थानों को केवल परिणाम देने वाली मशीन नहीं, बल्कि संवेदनशील संस्थान बनना होगा। नियमित काउंसलिंग, तनाव प्रबंधन कार्यशालाएं और परीक्षा को जीवन-मरण का प्रश्न न बनाने की संस्कृति विकसित करनी होगी। शिक्षकों को भी विद्यार्थियों की मानसिक दशा पहचानने का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। तीसरा, सरकार और समाज। मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और कलंकमुक्त बनाना होगा। परीक्षा प्रणाली में सुधार, वैकल्पिक करियर मार्गों को बढ़ावा, और कौशल आधारित शिक्षा पर जोर देना समय की मांग है। मीडिया को भी सनसनी की बजाय संवेदनशील रिपोर्टिंग करनी चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम इन घटनाओं को सामान्य न मानें। हर आत्महत्या और हर हिंसक घटना हमारे सामाजिक ताने-बाने में दरार का संकेत है। यदि हम इसे केवल 'व्यक्तिगत मामला' कहकर टाल देंगे, तो आने वाले समय में ऐसी घटनाएं और बढ़ेंगी। लखनऊ की घटना हमें झकझोरती है। यह बताती है कि शिक्षा का दबाव, पारिवारिक संवादहीनता और मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा मिलकर कितनी भयावह परिणति ला सकती है। अब समय है कि हम सामूहिक आत्ममंथन करें। शिक्षा को जीवन का उत्सव बनाएं, न कि भय का कारण। बच्चों को लक्ष्य दें, लेकिन उनके पंख न काटें। सपने दिखाएं, पर उन्हें सांस लेने की जगह भी दें।




**मेष राशिः** घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा मेष राशि वालों आज का दिन ठीक ठाक रहेगा। आज आप परिवार वालों के साथ समय बिताने की पूरी कोशिश करेंगे। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। छोटे बच्चों को बड़ा सरप्राइज भी मिल सकता है। कुछ लोग आपके किसी काम में मदद के लिये आगे आ सकते हैं। पैसों को लेकर आपकी समस्या दूर होगी।

**वृष राशिः** आप किसी बचपन के दोस्त से मिलेंगे वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज का दिन यात्रा में बीत सकता है। ये यात्रा ऑफिस के किसी काम से रिलेटेड हो सकती है। आप कुछ मस्ती के मूड में रहेंगे। आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप किसी ट्रेडिशनल चीज के प्रति आकर्षित हो सकते हैं। बच्चे किसी ड्राइंग कॉम्पिटिशन में भाग लेंगे।

**मिथुन राशिः** बिजनेस बढ़ाने के लिए बनायेंगे नया प्लान मिथुन राशि वालों आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपका रुझान अध्यात्म की तरफ रहेगा। आप किसी धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकते हैं। आप अपने काम में पूरा आनंद लेंगे। आप कार्य स्थल पर कुछ बदलाव कर सकते हैं, इससे आपको काफी अच्छा लगेगा। परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा।

**कर्क राशिः** जरूरी चीज खरीदने में होगा खर्च कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिये मिला-जुला रहेगा। किसी जरूरी चीज को खरीदने में आपके पैसे खर्च हो सकते हैं। इस राशि के जो लेखक हैं, उनकी किसी कविता की प्रशंसा हो सकती है। आपको किसी संस्था के द्वारा सम्मानित भी किया जा सकता है।

**सिंह राशिः** वकीलों को पुराने क्लाइंट से अच्छा धन लाभ होगा आज का दिन शानदार रहेगा। ऑफिस में आपको ऐसा काम दिया जा सकता है, जो आपको बहुत अच्छा लगेगा। आपसे किसी मामले में एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है। नौकरी में प्रमोशन के साथ ही इनकम बढ़ने के योग बने हुए हैं। छात्र अपने कुछ विषयों को लेकर अधिक रुचि दिखायेंगे। अपनों की मदद के लिये आप हमेशा तैयार रहेंगे।

**कन्या राशिः** पहले किए गए काम से आज मिलेगा मुनाफा कन्या राशि वालों आज का दिन आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। पहले किए गए किसी काम से आज अच्छा मुनाफा होगा। लोग आपके काम की तारीफ करेंगे। आप खुद भी अपने काम को लेकर संतुष्ट रहेंगे। जीवनसाथी के साथ बाहर डीनर करने जाने का प्लान बनायेंगे।

**तुला राशिः** कोर्ट से संबंधित मामला सुलझने की उम्मीद तुला राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा है। ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जिससे आपके काम समय पर पूरे होंगे। आपके सकारात्मक विचार आज लोगों को प्रभावित करेगा, लोग आपसे जुड़ेंगे। स्टूडेंट्स पढ़ाई को लेकर कुछ बदलाव करेंगे।

**वृश्चिक राशिः** आर्थिक रूप से आज आप मजबूत रहेंगे वृश्चिक राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज का दिन जीवन में किसी नयी खुशी का संकेत लायेगा। जीवनसाथी से आपको बड़ी खुशखबरी मिलेगी। परिवार के बाकी लोग भी काफी खुश नजर आयेंगे।

**धनु राशिः** बिजनेस में काम की गति बनी रहेगी धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आप जो भी काम हाथ में लेंगे, वो समय से पूरा करने में सफल होंगे। आज बिजनेस में काम की गति बनी रहेगी। आप खुद को रिलेक्स फील करेंगे। मन ही मन किसी बात को लेकर खुश रहेंगे। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उन्हें किसी शादी समारोह में अपना लाइफ पार्टनर मिल सकता है।

**मकर राशिः** करियर में बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है मकर राशि वालों आज का दिन जीवन में अहम मोड़ लाने वाला है। आपको अपने करियर में बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ध्यान रहे जो भी करें, सोच समझ कर करें। अगर आप नौकरी कर रहे हैं, तो अचानक आपको किसी काम के लिये बाहर जाना पड़ेगा।

**कुंभ राशिः** स्वास्थ्य के लिहाज से दिन शानदार रहेगा कुंभ राशि वालों आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपका नजदीकी मित्र आपसे मिलने आयेगा। आप उनके साथ कही घूमने का प्लान बनायेंगे। छात्रों के पढ़ाई में आ रही रुकावटें किसी की मदद से दूर होंगी।

**मीन राशिः** कार्य स्थल पर व्यवहार की तारीफ होगी मीन राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे। आज ऑफिस के काम के लिए यात्रा की योजना बन सकती है। पैसों की उलझी हुई स्थितियों का समाधान आज निकल जायेगा। आज आपके रोजमर्रा के काम पूरे हो सकते हैं। आपको किस्मत का साथ मिलेगा। कार्य स्थल पर आपके व्यवहार की तारीफ होगी।

# ताज महोत्सवः संस्कृति का विराट उत्सव

**योगेश कुमार गोयल**

यमुना के पावन तट पर स्थित धवल संगमरमर की वह अलौकिक कृति, जिसे दुनिया ताजमहल के नाम से जानती है, केवल ईंट-पत्थरों और नक्काशी का मेल नहीं है बल्कि भारतीय संवेदनाओं, स्थापत्य-कौशल और सौंदर्य-चेतना का एक शाश्वत महाकाव्य है। जब इस विश्वप्रसिद्ध स्मारक की शीतल और भव्य छाया में रंगों की चटक आभा, रागों की मधुर लहरियां और रसों की सजीव अनुभूति एक साथ साकार होती है, तब वह दृश्य 'ताज महोत्सव' के रूप में भारतीय संस्कृति का एक अनुपम उत्सव बन जाता है। उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक नगर आगरा में 18 से 27 फरवरी तक आयोजित हो रहा यह दस दिवसीय सांस्कृतिक पर्व केवल एक साधारण मेले का विस्तार नहीं है बल्कि यह भारत की बहुरंगी परंपराओं, लोक-स्मृतियों, लुप्तप्राय शिल्प-कौशल और उस विराट पाक-वैभव का उत्सव है, जहां राष्ट्र की विविधता वैश्विक मंच पर एक साथ स्पंदित होती हैं। इस वर्ष अपने 34वें गौरवशाली संस्करण में प्रवेश कर रहे इस महोत्सव की थीम 'वंदे मातरमः परंपरा एवं राष्ट्र गौरव' हमारी सांस्कृतिक अस्मिता और राष्ट्रीय चेतना का एक सशक्त उद्घोष है, जो आगंतुकों के भीतर स्वदेश प्रेम और अपनी जड़ों के प्रति सम्मान की भावना को प्रगाढ़ करता है। सन् 1992 के वसंत में जब इस महोत्सव का बीजारोपण हुआ था, तब शायद ही किसी ने कल्पना की होगी कि यह आयोजन आने वाले समय में भारत के सबसे प्रतिष्ठित और प्रतीक्षित सांस्कृतिक आयोजनों में शुमार हो जाएगा। इसका मूल दर्शन भारतीय हस्तशिल्प, लुप्त होती लोक कलाओं और सदियों पुराने पारंपरिक कौशलों को एक ऐसा मंच प्रदान करना रहा है, जहां वे अपनी आधुनिक प्रासंगिकता सिद्ध कर सकें। ताजमहल की जादुई पृष्ठभूमि में सजे सैंकड़ों स्टॉल, चटख और पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित लोक कलाकार, शास्त्रीय संगीत की गंभीर तान और लोकनृत्यों की लयात्मक थिरकन मिलकर एक ऐसा जादुई वातावरण रचते हैं, मानो पूरा लघु भारत एक ही परिसर में सिमट आया हो। ताज महोत्सव की सबसे बड़ी पूंजी इसकी वह विविधता ही है, जो उत्तर के हिमालयी अंचल से लेकर दक्षिण के कन्याकुमारी तक और सुदूर पूर्वोत्तर की पहाड़ियों से लेकर पश्चिम के रेगिस्तानों तक की कला को एक सूत्र में पिरोती है। यहां कश्मीर की पश्मीना शॉल की मखमली कोमलता और वाराणसी की रेशमी साड़ियों की राजसी चमक एक साथ देखी जा सकती है। लखनऊ की बारीक चिकनकारी की नजाकत हो या सहारनपुर की लकड़ी पर की गई सूक्ष्म नक्काशी, मुरादाबाद के पीतल शिल्प की सुनहरी दमक हो या खुर्जा की सिरेमिक कला की चटक रंगीन छटा, ये सभी तत्व मिलकर भारत की हस्तकला परंपरा का एक ऐसा जीवंत संग्रहालय रच देते हैं, जिसे देख दुनिया दांतों तले उंगली दबा लेती है। भदोही के हस्तनिर्मित कालीनों की जटिल बुनावट, दक्षिण भारत की पाषाण और काष्ठ मूर्तियां, पूर्वोत्तर के बांस-बेंत की कलाकृतियां और गुजरात के पटोला व बांधनी कार्य की विविधता दर्शकों को एक अनूठी सांस्कृतिक यात्रा पर ले जाती है। यह महोत्सव केवल वस्तुओं के क्रय-विक्रय का बाजार नहीं है, बल्कि 'आत्मनिर्भर भारत' की धड़कन और स्थानीय प्रतिभा के स्वाभिमान का एक जीवंत दस्तावेज है। इस वर्ष सरकार की 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' पहल के अंतर्गत प्रदेश के 50 जनपदों की विशिष्ट पहचान को जिस प्रकार एक ही मंच पर प्रतिष्ठित किया गया है, वह अद्भुत है। लगभग 500 सुसज्जित स्टॉल भारतीय उद्यमिता की उस रचनात्मक ऊर्जा का परिचय दे रहे हैं, जो परंपरा और आधुनिकता के सूक्ष्म समन्वय से नए भारत के भविष्य का निर्माण कर रही है। यहां प्रदर्शित खादी की सादगी, जूट की पर्यावरण-मित्र आत्मा और हथकरघा की सूक्ष्म बुनावट केवल व्यापारिक उत्पाद नहीं बल्कि स्वदेशी स्वाभिमान, सतत विकास और सांस्कृतिक निरंतरता के उन सशक्त प्रतीकों के रूप में उभरते हैं, जो वैश्विक बाजार में भारत की श्रेष्ठता सिद्ध करते हैं। कला और शिल्प के इस महाकुंभ में संगीत और नृत्य की धाराएं आत्मा के स्पंदन की भांति प्रवाहित होती हैं। ताजमहल की मुगलई वास्तुकला की छाया में गूंजते शास्त्रीय, अर्ध-शास्त्रीय और लोक राग एक ऐसे सांगीतिक वातावरण का सृजन करते हैं, जो श्रोताओं को अलौकिक आनंद की अनुभूति कराता है। ब्रज के उल्लासपूर्ण लोकनृत्य, जिनमें होली की मस्ती और राधा-कृष्ण के प्रेम की महक होती है, कथक की भावप्रवण मुद्राएं, जिनमें इतिहास बोलता है और सूफी गायकी की वह रूहानी लहरियां, जो सीधे खुदा से संवाद करती प्रतीत होती हैं, दर्शकों को एक आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान करती हैं। इस वर्ष के विशाल डिजिटल मुक्ताकाशीय मंच पर आधुनिकता का भी समावेश है, जहां नीरज श्रीधर की ऊर्जस्वित बॉलीवुड नाइट्स, कृष्णा-अभिषेक की हास्य-विनोद से भरपूर प्रस्तुतियां और सचिन-जिगर की सुरीली धुनों वाली समापन संध्या युवा ऊर्जा को एक नई चमक प्रदान करेगी। इसके साथ ही 'इंडियन ओशन' जैसे बैंड की फ्यूजन संगीत, अली ब्रदर्स की शुद्ध सूफियाना सुर-लहरियां और माधवाज बैंड की भक्तिमय संध्या इस महोत्सव को संगीत-प्रेमियों के लिए एक कभी न भूलने वाला अनुभव बना देने वाली हैं। भारतीय उत्सव की आत्मा उसके स्वाद में बसती है और ताज महोत्सव इस मामले में किसी स्वर्ग से कम नहीं है। यहां देशभर के उन पारंपरिक व्यंजनों का संसार सजता है, जो जीभ के स्वाद के साथ-साथ हमारी भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधता का भी परिचय देते हैं। उत्तर प्रदेश के चटपटे आंचलिक व्यंजनों से लेकर दक्षिण भारत के कुरकुरे डोसे, राजस्थानी दाल-बाटी-चूरमा की सोंधी खुशबू, पंजाब की मलाईदार लस्सी, बंगाल की रसभरी मिठाइयां और कश्मीर के शाही वाजवान तक, हर स्वाद अपनी विशिष्ट पहचान के साथ यहां उपस्थित होता है। यह भोजन केवल पेट भरने का साधन नहीं बल्कि भारत की उस सांस्कृतिक समृद्धि का सजीव प्रमाण है, जो सदियों के मेलजोल से विकसित हुई है। इसके साथ ही, यह आयोजन स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। आगरा के होटल, रेस्तरां, परिवहन सेवाएं, हस्तशिल्प बाजार और टूर गाइडों के चेहरों पर इस दौरान जो रौनक दिखाई देती है, वह पर्यटन उद्योग की गतिशीलता का प्रतीक है। हजारों की संख्या में आने वाले विदेशी पर्यटक जब भारतीय परिधानों को पहनकर, यहां की हस्तशिल्प और पारंपरिक कलाओं के बीच समय बिताते हैं तो वे अपने साथ भारत की एक सुखद और गौरवशाली छवि लेकर स्वदेश लौटते हैं।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में वापसी करने को तैयार हरमनप्रीत

**एजेंसी, होबर्ट**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुरुवार को यहां दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत के साथ वापसी करने उतरेगी। भारतीय टीम को पहले एकदिवसीय में 6 विके से हार का सामना करना पड़ा था ऐसे में मेजबान टीम तीन मैचों की इस सीरीज में 1-0 से आगे है। भारतीय टीम के लिए राहित की बात ये है कि कप्तान हरमनप्रीत कौर भी फिट हो गयी हैं। हरमनप्रीत को पहले एकदिवसीय में चोट लग गयी थी। ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने कहा है कि हरमनप्रीत अब ठीक है और खेलने जा रही हैं। पहले एकदिवसीय में बल्लेबाजी के दौरान घुटने में चोट लगने से हरमनप्रीत मैदान पर नहीं लौट पाई थीं, जिससे टीम की चिंताएं बढ़ गई थीं। वहीं भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से कहा गया है कि हरमनप्रीत को बल्लेबाजी के दौरान चोट लगी थी और मेडिकल स्टाफ उनकी स्थिति पर नजर रखे हुए है। कप्तान के नहीं होने से उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने टीम की कमान संभाली। वहीं अब अब कप्तान की वापसी से प्रबंधन को भी राहत मिली है। पहले मुकाबले में भारतीय टीम




48.3 ओवर में 214 रन ही बना पायी थी जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने छह विकेट शेष रहते 38.2 ओवर में ही जीत हासिल कर ली थी। अब भारतीय टीम का लक्ष्य इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर जीत दर्ज करना रहेगा। दीप्ति ने कहा कि टीम ने पहले एकदिवसीय में अच्छा प्रदर्शन किया था हालांकि टीम जीत हासिल करने में सफल नहीं रही। उन्होंने कहा कि टीम दूसरे मुकाबले में और प्रयास करेगी। साथ ही कहा कि टीम अपनी पिछली गलतियों से उबरकर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय टीम ने एकदिवसीय सीरीज से पहले शानदार प्रदर्शन कर टी20 सीरीज जीती थी और उसी प्रदर्शन से टीम प्रेरित होकर उतरेगी। भारतीय टीम जानती है कि ऑस्ट्रेलिया जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ निरंतरता बनाए रखना उसके लिए आसान नहीं रहेगा।

# टी20 विश्वकप सुपर-8 में आज इंग्लैंड को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगी न्यूजीलैंड

**एजेंसी, कोलंबो**

श्रीलंका के खिलाफ जीत से उत्साहित न्यूजीलैंड की टीम शुक्रवार को यहां टी20 विश्वकप क्रिकेट के सुपर-8 मैच में इंग्लैंड को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगी। कीवी टीम के स्पिनरों ने श्रीलंकाई टीम के खिलाफ काफी अच्छी गेंदबाजी की थी और वह यही सिलसिला इंग्लैंड के खिलाफ भी जारी रखना चाहेगी। कीवी टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर काफी अच्छे फार्म में हैं जिसका लाभ भी टीम को मिलेगा। वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड की टीम पहले ही अपने दोनों मैच जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच गयी है और उसका लक्ष्य इस मैच में भी बेहतरीन प्रदर्शन कर सेमीफाइनल के लिए लय बनाये रखना रहेगा। कप्तान हैरी ब्रुक के अलावा उसके उन्य बल्लेबाज पिछले सुपर-8 मैच में पाकिस्तान के खिलाफ असफल रहे थे। ऐसे में वे अपना फार्म हासिल करना चाहेंगे। दूसरी ओर श्रीलंका के खिलाफ बड़ी जीत के बाद न्यूजीलैंड का नेट रन रेट काफी अच्छा प्लस 3.050 हो गया है। ऐसे में इस मैच में जीत के साथ वह सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी पर अगर वह मामुली अंतर से हारती भी है तो भी उसकी सेमीफाइनल की संभावनांए बनी रहेंगी। वहीं इंग्लैंड से हार के बाद पाकिस्तान का नेट रन रेट माइनस 0.461 हो गया है। ऐसे में पाक टीम नेट रन रेट में तभी आगे निकल सकती है जब




न्यूजीलैंड को मैच में बड़ी हार मिले। न्यूजीलैंड की टीम जिस प्रकार श्रीलंका के खिलाफ छह स्पिनरों के साथ सहजता से उतरी थी उससे तय है कि इस मैच में भी वह उसी टीम के साथ उतरेगी। इस मैच में न्यूजीलैंड के स्पिनरों और इंग्लैंड के बल्लेबाजों के बीच रोमांचक मुकाबला होना तय है। इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक और ऑलराउंडर विल जैक्स दोनों ने ही पाक स्पिनरों साइम अयूब, मोहम्मद नवाज और शादाब खान के सामने काफी अच्छी बल्लेबाजी की थी और उनका लक्ष्य कीवी टीम के खिलाफ इसी प्रदर्शन को बनाये रखना रहेगा हालांकि ये इतना आसान नहीं रहेगा क्योंकि कीवी स्पिनर मिचेल सैंटनर, रचिन रविंद्र, ग्लेन फिलिप्स और कोल मैककॉन्ची प्रेमदासा स्टेडियम की पिच पर कहर ढ़ा सकते हैं। ब्रूक अच्छी फॉर्म में हैं पर अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर का फार्म में नहीं होना इंग्लैंड के लिए चिन्ताजनक है । टीम को अपने गेंदबाजों विल जैक्स और लियाम डॉसन से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। प्रेमदासा की पिच पर अगर स्पिनर गेंदबाजी कर रहे हों तो 165 से 175 रन भी काफी अच्छे माने जाएंगे। वहीं न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रविंद्र का मानना है कि उनका स्पिन आक्रमण अच्छा है पर इंग्लैंड को कम आंकना भूल होगी। रविंद्र ने कहा, इस तरह के मुकाबले में खेलने के लिए हमेशा ही आत्मविश्वास बनाये रखना होता है क्योंकि हमें अंदाजा है कि पिच कैसी होगी पर मुझे लगता है कि किसी भी समय इंग्लैंड को कम करके आंकना गलती होगी। विरोध टीम काफी अच्छी है। उनके गेंदबाज अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं और उनके पास बल्लेबाजी क्रम में विश्व स्तरीय बल्लेबाज हैं। साथ ही कहा कि टी20 प्रारुप में कुछ भी हो सकता है जो टीम मैच के दिन अच्छा खेलेगी जीत उसकी की होगी। श्रीलंका के खिलाफ जीत से टीम का मनोबल बढ़ा है जिसका लाभ उसे मिलेगा।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार है :**

**इंग्लैंड** : हैरी ब्रूक (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, फिल साल्ट (विकेटकीपर), बेन डकेट, सैम करेन, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, लियाम डॉसन, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, जोश टोंग, लाइक वुड

**न्यूजीलैंड** : मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, टिम सीफर्ट, डेवोन कॉनवे, मार्क चैपमैन, कोल मैककॉन्ची, डैरिल मिचेल, जेम्स नीशम, रचिन रविंद्र, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, इश सोढ़ी।

# भारतीय अंडर-20 महिला टीम ने स्वीडिश क्लब एन्स्केडे आईके डैम से खेला ड्रॉ

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम ने बुधवार, रात स्वीडन के लिडिंगो स्थित बोसोन नेशनल स्पोर्ट्स सेंटर में खेले गए अभ्यास मैच में स्वीडिश क्लब एन्स्केडे आईके डैम के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। भारत की ओर से सिबानी देवी नोंगमेइकापाम ने 44वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि मुकाबले के अंतिम क्षणों में 88वें मिनट पर एन्स्केडे ने बराबरी का गोल दागकर स्कोर 1-1 कर दिया। भारत अंडर-20 टीम के मुख्य कोच योआकिम अलेक्जेंडरसन ने पिछले मैच की तुलना में शुरुआती एकादश में आठ बदलाव किए। भारतीय टीम ने अपने पिछले मुकाबले में टैबी एफके को 4-0 से हराया था, जबकि उससे पहले हामरबी



आईएफ के खिलाफ उसे 0-6 से हार का सामना करना पड़ा था। यंग टाइग्रेस अब 28 फरवरी को स्वीडन के क्लब कार्लबर्ग्स बीके के खिलाफ एक और अभ्यास मैच खेलेगी। यह दौरा इस वर्ष थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप की तैयारियों का हिस्सा है।

**भारत अंडर-20 महिला टीमः**- मोनालिशा देवी मोइरांगथेम (गोलकीपर), निशिमा कुमारी (रेमी थोखचोम 60वें मिनट), थोइनबिसाना चानू तोइजाम, सिंडी रेमरुआतपुई कोलनी, शुभांगी सिंह, पूजा, अंजू चानू कायेन्पैबाम (भूमिका देवी खुमुकचाम 60वें मिनट), लिंगदेकिम, सुलंजना राउल, सिबानी देवी नोंगमेइकापाम (नेहा 60वें मिनट), बबीता कुमारी (दीपिका पाल 46वें मिनट, शिल्जी शाजी 88वें मिनट)।

# भारत की उभरती महिला टेनिस खिलाड़ी है वैष्णवी

**एजेंसी, बेंगलुरु**

हाल में डब्ल्यू100 आईटीएफ टूर्नामेंट में उपविजेता रही भारत की उभरती महिला टेनिस स्टार वैष्णवी अडकर डब्ल्यूटीए रैंकिंग में लंबी छलांग लगाकर 466 वें स्थान पर पहुंच गयी हैं। इसी के साथ ही वैष्णवी 224 स्थान की छलांग लगाते हुए देश की नई नंबर-2 महिला एकल खिलाड़ी बन गयी हैं। वाइल्डकार्ड एंट्री से आईटीएफ टूर्नामेंट खेलने उतरी वैष्णवी ने तीन जीत हासिल करते हुए दो शीर्ष-150 खिलाड़ियों को हराकर फाइनल तक का सफर तय किया था। इस प्रकार आईटीएफ 100 स्तर या उससे ऊपर के टूर्नामेंट में कोई भारतीय महिला खिलाड़ी लंबे समय के बाद फाइनल तक पहुंची हैं। वैष्णवी ने 2022 में पेशेवर टेनिस खेलना शुरु किया था। साल 2024 में उन्होंने अहमदाबाद में आईटीएफ डब्ल्यू15 खिताब जीता और मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125 में



भी ऊंची रैंकिंग वाली खिलाड़ी के खिलाफ सेट जीता था।पिछले साल यूरोप में बड़े आईटीएफ टूर्नामेंटों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद वह रोहन बोपन्ना की अकादमी में अभ्यास के लिए गयी जहां कोच बालाचंद्रन मणिक्कथ की सलाह से इस खिलाड़ी ने तकनीकी और मानसिक दोनों स्तर पर अपने को निखारा । कोच का मानना है कि वैष्णवी में टॉप-200 ही नहीं बल्कि टॉप-100 में पहुंचने की भी क्षमता है। वैष्णवी का लक्ष्य ऊंचे स्तर के टूर्नामेंट खेलने और लगातार प्रदर्शन करने पर है।

# भारत बधिर क्रिकेट टीम ने जीता पहला एडीसीए टी20आई एशिया कप, फाइनल में श्रीलंका को 6 विकेट से हराया




**एजेंसी, नई दिल्ली**

कटक के ऐतिहासिक बाराबती स्टेडियम में खेले गए पहले एडीसीए टी20आई एशिया कप 2026 का समापन बुधवार को हुआ, जहां भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने फाइनल में श्रीलंका की टीम को 6 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। यह टूर्नामेंट भारतीय बधिर क्रिकेट एसोसिएशन (आईडीसीए) द्वारा आयोजित किया गया था, जिसे ओडिशा की राज्य क्रिकेट इकाइयों का सहयोग मिला। यह एशिया कप का पहला संस्करण था और इसे बधिर क्रिकेट के इतिहास में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। फाइनल के बाद आयोजित भव्य समापन समारोह में मुख्य अतिथि कटक के जिलाधिकारी एवं कलेक्टर दत्तात्रय भाऊसाहेब शिंदे और विशेष अतिथि पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर संजय राउल ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। भारत ने अपने अभियान की शुरुआत श्रीलंका के खिलाफ 4 विकेट की जीत से की। इसके बाद नेपाल पर 10 विकेट की एकतरफा जीत दर्ज की। लीग चरण में श्रीलंका ने भी नेपाल को 6 विकेट से हराया, जबकि रिवर्स मुकाबले में नेपाल पर 157 रन की बड़ी जीत दर्ज की। भारत ने श्रीलंका के खिलाफ एक रोमांचक मुकाबले में 1 रन से जीत हासिल की और नेपाल पर 9 विकेट से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह पक्की की। फाइनल में भारत ने संयमित और आत्मविश्वास भरा प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को 6 विकेट से हराकर ऐतिहासिक ट्रॉफी जीत ली। इस जीत के साथ भारत ने न केवल पहला एडीसीए टी20आई एशिया कप खिताब अपने नाम किया, बल्कि एशियाई बधिर क्रिकेट में अपनी मजबूत स्थिति भी साबित की।

## व्यापार

# शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच तेजी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी में मामूली बढ़त

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव के बीच तेजी का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली के दबाव की वजह से पहले 10 मिनट में ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट आ गई। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे दोनों सूचकांकों की चाल में तेजी आ गई। सुबह 10 बजे तक कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.12 प्रतिशत और निफ्टी 0.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से श्रीराम फाइनेंस, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, मैक्स हेल्थकेयर और एचसीएल टेक्नोलॉजी के शेयर 1.87 प्रतिशत से लेकर 1.03 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, अदानी एंटरप्राइजेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोल इंडिया, एक्सिस बैंक और नेस्ले के शेयर 0.42 प्रतिशत से लेकर 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभीतक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,612 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,917 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 695 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 19 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 11 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 36 शेयर हरे निशान में और 14 शेयर लाल निशान में कारोबार करते



नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 142.71 अंक की मजबूती के साथ 82,418.78 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। लगातार हो रही बिकवाली की वजह से पहले 10 मिनट में ही सेंसेक्स गिर कर लाल निशान में 82,244.99 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 99.06 अंक की बढ़त के साथ 82,375.13 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 73.80 अंक उछल कर 25,556.30 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के कारण बाद बिकवाली शुरू हो जाने की वजह से पहले 10 मिनट में ही यह सूचकांक गिर कर 25,487.85 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद निफ्टी 39.95 अंक की मजबूती के साथ 25,522.45 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन बुधवार को सेंसेक्स 50.15 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की मजबूती के साथ 82,276.07 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 57.85 अंक यानी 0.23 प्रतिशत की उछाल के साथ 25,482.50 अंक के स्तर पर बुधवार के कारोबार का अंत किया था।

# सोने का भाव 600 से ज्यादा टूटा, चांदी में 4,000 की गिरावट

**नई दिल्ली।** कीमती धातुओं के वायदा बाजार में गुरुवार को सुस्ती का माहौल देखने को मिला। घरेलू स्तर पर मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोना और चांदी दोनों गिरावट के साथ खुले और कारोबार के दौरान भी दबाव में रहे। एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट 615 रुपये की गिरावट के साथ 1,60,530 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। पिछला बंद भाव 1,61,145 रुपये था। इस समय यह 468 रुपये की नरमी के साथ 1,60,677 रुपये पर कारोबार कर रहा था। सत्र के दौरान सोने ने 1,60,745 रुपये का उच्च और 1,60,516 रुपये का निचला स्तर छुआ। इस वर्ष सोना 1,80,779 रुपये के सर्वोच्च स्तर तक पहुंच चुका है। चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट 4,016 रुपये टूटकर 2,64,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर

**वैश्विक बाजार में भी कीमती धातुओं के भाव कमजोर**




खुला। पिछला बंद भाव 2,68,316 रुपये था। कारोबार के दौरान यह 3,516 रुपये की गिरावट के साथ 2,64,800 रुपये पर रहा। चांदी ने दिन में 2,64,930 रुपये का उच्च और 2,62,892 रुपये का निचला स्तर दर्ज किया। इस साल चांदी 4,20,048 रुपये प्रति किलो के उच्चतम स्तर तक पहुंच चुकी है। वैश्विक बाजार में भी रुख कमजोर रहा। कॉमेक्स पर सोना 5,175.30 डॉलर प्रति औंस पर खुला, जो पिछले बंद 5,226.20 डॉलर से कम है। बाद में यह करीब 25 डॉलर गिरकर 5,201.20 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता दिखा। चांदी 88.92 डॉलर पर खुली और घटकर 88.68 डॉलर प्रति औंस के आसपास रही। विशेषज्ञों के अनुसार डॉलर की मजबूती और मुनाफावसूली से कीमती धातुओं पर दबाव बना हुआ है।

# सरकारी खर्च से पावर सेक्टर में तेजी, निजी उद्योग अब भी सुस्त

**नई दिल्ली।** देश में पूंजीगत खर्च (कैपेक्स) की रफ्तार इस समय दो अलग तस्वीरें पेश कर रही है। एक ओर पावर ट्रांसमिशन से जुड़ी हाई वोल्टेज कंपनियां रिकॉर्ड प्रदर्शन कर रही हैं, वहीं गैर-विद्युत औद्योगिक कंपनियों की चाल अब भी धीमी बनी हुई है। एक रिपोर्ट के अनुसार ट्रांसमिशन और वितरण कंपनियों के नए ऑर्डर में सालाना आधार पर 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि बिक्री 39 प्रतिशत बढ़ी है। इन कंपनियों का मुनाफा मार्जिन बढ़कर 20.3 प्रतिशत पर पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष से 5.4 प्रतिशत अधिक है। सरकार ने 2022 से 2032 के बीच ट्रांसमिशन क्षेत्र में 9.15 लाख करोड़ रुपये निवेश की योजना बनाई है। इसके तहत 8 से 10 बड़े हाई वोल्टेज ट्रांसमिशन कॉरिडोर विकसित किए जाएंगे। तीन कॉरिडोर के लिए उपकरणों का काम पहले ही तय हो चुका है।



अनुमान है कि 2027 से नए ऑर्डर में और तेजी आएगी तथा 2030 तक मांग मजबूत बनी रह सकती है। वित्त वर्ष 2027 के बजट में 12.2 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत खर्च का प्रावधान किया गया है, जो पहले के अनुमान से 12 प्रतिशत अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार फैक्ट्रियों की क्षमता उपयोग दर 77.7 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जो निजी निवेश के लिए सकारात्मक संकेत माना जाता है। हालांकि गैर-बिजली औद्योगिक कंपनियों की बिक्री में सिर्फ 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और उनका मुनाफा मार्जिन घटकर 11.7 प्रतिशत रह गया है।

# एनएमडीसी-आईआईटी हैदराबाद में करार, खनन अनुसंधान और खोज को मिलेगी दिशा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की जिम्मेवार खनिक एनएमडीसी के अनुसंधान एवं विकास केंद्र ने भारत के खनिज और धातु क्षेत्र के भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में हैदराबाद के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस्पात मंत्रालय ने गुरुवार को जानकारी दी कि खनिज प्रसंस्करण और संबद्ध क्षेत्रों में स्वदेशी प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एनएमडीसी के अधिशासी निदेशक (आरएंडडी) संजीव साही और आईआईटी हैदराबाद के डीन (प्रायोजित अनुसंधान और परामर्श) ने आईआईटी हैदराबाद के निदेशक प्रो. बी. एस. मूर्ति की उपस्थिति में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। मंत्रालय ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य खनन और धातुकर्म क्षेत्र में नवाचार, स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकास और टिकाऊ औद्योगिक समाधान को बढ़ावा देना है। मंत्रालय के अनुसार यह साझेदारी फील्ड की



विशेषज्ञता और अकादमिक उत्कृष्टता के बीच एक मजबूत सहयोग का प्रतिनिधित्व करती है।

**खनन अनुसंधान में नए आयाम**- इस सहयोग के तहत दोनों संस्थान लौह अयस्क बेनीफिशिएशन और एग्लोमेरेशन, हरित इस्पात निर्माण प्रौद्योगिकियों, स्वदेशी कच्चे माल पर आधारित वैकल्पिक लौह निर्माण और खनन-धातुकर्म प्रक्रियाओं के उन्नत मॉडलिंग एवं सिमुलेशन में अनुसंधान को आगे बढ़ाएंगे। साथ ही प्राथमिक और माध्यमिक स्रोतों से महत्वपूर्ण और दुर्लभ पृथ्वी खनिजों के उत्खनन में भी नए रास्ते विकसित किए जाएंगे, जिससे देश की खनिज सुरक्षा और संसाधन उपलब्धता मजबूत होगी।

**डिजिटल माइनिंग और उन्नत तकनीक पर फोकस**- एमओयू के तहत स्वायत्त वाहन संचालन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), माइनिंग 4.0 फ्रेमवर्क और ड्रोन आधारित सर्वेक्षण व निगरानी जैसे क्षेत्रों में अनुसंधान और पायलट परियोजनाएं संचालित की जाएंगी। यह पहल परिचालन दक्षता, उत्पादकता और पर्यावरण प्रबंधन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से प्रौद्योगिकी आधारित समाधान विकसित करेगी।

**एनएमडीसी की नवाचार प्रतिबद्धता**- एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अमिताभ मुखर्जी ने कहा कि आईआईटी हैदराबाद के साथ यह उद्योग-अकादमिक गठजोड़ नवाचार के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि संस्थान की अनुसंधान क्षमता और एनएमडीसी की डोमेन विशेषज्ञता मिलकर खनन और खनिज प्रसंस्करण में स्वदेशी तकनीकों के विकास को गति देगी, जो सतत विकास और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य में योगदान देगा।

# रुपया छह पैसे चढ़कर 90.85 डॉलर पर खुला

**रुपया पिछले दिन चार पैसे की बढ़त के साथ 90.91 पर बंद हुआ था**


**मुंबई।** रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में छह पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.85 पर खुला। डॉलर के कमजोर रुख और विदेशी निवेशकों के निवेश में वृद्धि से घरेलू मुद्रा को बल मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजारों में सत्र की सकारात्मक शुरुआत ने स्थानीय मुद्रा को और मजबूती प्रदान की जबकि वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि तथा भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं ने रुपये की तेज बढ़त को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 90.86 पर खुला। फिर 90.85 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद




भाव से छह पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया बुधवार को सीमित दायरे में कारोबार करते हुए चार पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.91 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 97.57 पर रहा।

# ‘टिकट टू हेल में दिखा यश का क्लीन-शेव अवतार, टॉक्सिक में दोहरी भूमिका निभाएंगे अभिनेता?

टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स के मेकर्स ने एक बार फिर इंटरनेट की दुनिया में धमाका कर दिया है। इस बार उन्होंने दर्शकों को चौका दिया है उनका खुद का टिकट टू हेल! नए पोस्टर में रॉकिंग स्टार यश ऐसे अवतार में नजर आ रहे हैं, जिन्हें किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। यह क्लीन-शेव लुक फिल्म की खतरनाक और विस्फोटक दुनिया में और गहराई से उतरने का इशारा देता है। पोस्टर में टिकट नाम का किरदार सामने आया है, जिसे भी यश ही निभा रहे हैं। यानी फिल्म में उनका दूसरा लुक रिवील हो चुका है, और साफ संकेत मिल रहे हैं कि कहानी में दमदार डबल रोल का तड़का लगने वाला है। इससे पहले उनका दूसरा वाला राया लुक सामने आया था, जिसने सोशल मीडिया पर तूफान ला दिया था। फैन आर्ट, रील्स और थ्योरी थ्रेड्स हर जगह बस उसी की चर्चा थी। अब अचानक आए इस क्लीन-शेव लुक ने फिर से वही सेंसेशन तेज़ी की तैयारी कर ली है। पहले रिलीज हुए टीजर में यश का ट्रांसफॉर्मेशन पहले ही सोशल मीडिया पर बवंडर खड़ा कर चुका है और फिल्म को लेकर दीवानगी अब ग्लोबल फीवर बन चुकी है। टीजर को जबरदस्त और विस्फोटक रिस्पॉन्स मिले हैं। यह भारत समेत 9 देशों में यूट्यूब पर ट्रेंड कर चुका है, जो फिल्म की अंतरराष्ट्रीय पकड़ को साबित करता है। लेकिन असली कमाल सिर्फ नंबर नहीं हैं, बल्कि वह चर्चा है जो इसे छेड़ दी है। 1 मिनट 56 सेकंड के टीजर को फैंस फ्रेम दर फ्रेम खंगाल रहे हैं। कोई टाइमलाइन पर बहस कर रहा है, कोई अलग-अलग दौर की कहानी का अंदाजा लगा रहा है, तो कोई दोनों किरदारों के टकराव की थ्योरी बना रहा है। दो मिनट से भी कम समय में टॉक्सिक ने दर्शकों को इतना मसाला दे दिया है कि चर्चा अब एक सिनेमाई आंदोलन बन चुकी है। तमिल बेल्ट में श्रीलंका, सिंगापुर और मलेशिया तक इसकी धूम है। हिंदी बेल्ट में ओमान, सऊदी अरब, कुवैत, बांग्लादेश और बहरीन में यह छाया हुआ है। भारत के कई राज्यों में भी टीजर ट्रेंड कर रहा है, जिससे साफ है कि टॉक्सिक सिर्फ पैन इंडिया नहीं, बल्कि वर्ल्डवाइड फेनोमेना बन चुका है। अपनी आइकॉनिक शख्सियत, जो उनकी बड़ी स्क्रीन वाली शख्सियत का हिस्सा बन चुकी थी, उसे छोड़कर यश ने सबको चौंका दिया है। उनका टिकट अवतार स्टाइलिश भी है और डरावना भी। टीजर ने 24 घंटे में 197 मिलियन व्यूज का आंकड़ा छू लिया, और खासकर आखिरी 20 सेकंड ने सबको हैरान कर दिया। फैंस लगातार हिडन डिटेल्स खोज रहे हैं और फिल्म की विशाल दुनिया को समझने में जुटे हैं। यश और गीतू मोहनदास द्वारा लिखी और गीता मोहनदास के निर्देशन में बनी यह फिल्म कन्नड़ और अंग्रेजी में साथ-साथ शूट की गई है। इसके हिंदी, तेलुगु, तमिल और मलयालम वर्जन भी रिलीज होंगे, जिससे इसे वैश्विक मंच पर पेश किया जाएगा। केवीएन प्रोडक्शंस और मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स के बैनर तले बनी यह फिल्म 19 मार्च 2026 को सिनेमा में रिलीज होगी।




# तापसी पन्नू का ग्लैमर पर तीखा तंज, बोलीं- बॉलीवुड को क्लीवेज चाहिए और साउथ को नाभि




अभिनेत्री तापसी पन्नू ने हाल ही में हिंदी और साउथ सिनेमा में महिलाओं के चित्रण पर अपनी राय साझा की। उन्होंने कहा कि दोनों फिल्म इंडस्ट्री में ग्लैमर दिखाने का तरीका अलग-अलग है। तापसी के अनुसार, बॉलीवुड फिल्मों में अक्सर क्लीवेज पर अधिक ध्यान दिया जाता है, जबकि साउथ की फिल्मों में नाभि को दिखाने पर ज्यादा जोर रहता है। उनके इस बयान ने फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के प्रति नजरिए को लेकर एक चर्चा शुरू कर दी है। तापसी ने अब तक तेलुगू तमिल, हिंदी और मलयालम सिनेमा में लंबा सफर तय किया है। पिछले कुछ दिनों से वो अपनी नई फिल्म अस्सी को लेकर चर्चा में हैं। तापसी ने अपने दिल्ली के मध्यम-वर्गीय पालन-पोषण से लेकर फिल्मी सेट के अनुभवों तक कई मुद्दों पर खुलकर बात की। उन्होंने एक ऐसे विषय पर चर्चा की, जिसे अक्सर पर्दे के पीछे ही रखा जाता है। जब तापसी से पूछा गया कि भोजपुरी और दक्षिण भारतीय सिनेमा के गानों में नाभि पर इतना ध्यान क्यों दिया जाता है तो उन्होंने कहा, मैं खुद भी इसे समझने की कोशिश कर रही हूं। ऐसा नहीं है कि हिंदी सिनेमा के आइटम गानों में इस पर ध्यान नहीं दिया जाता, लेकिन साउथ सिनेमा जितना नहीं। हिंदी सिनेमा में फोकस क्लीवेज पर ज्यादा रहता है। उन्होंने फिल्मी सेटों पर महिला कलाकारों के प्रति इंडस्ट्री के नजरिए पर खुलकर बात की। तापसी बोलीं, साउथ में अक्सर अभिनेत्रियों से पैडेड ब्रा पहनने के लिए कहा जाता है। सबसे बड़ी समस्या है कि निर्देशक सेट पर ये बात आखिर कहे किससे? उन्होंने बताया कि ये बात सीधे नहीं कही जाती, बल्कि एक चेन के जरिए पहुंचती है। निर्देशक से असिस्टेंट डायरेक्टर, फिर स्टाइलिंग टीम, फिर हेयर और वार्डरोब वाली महिलाओं के पास और अंत में हीरोइन तक। तापसी ने वो शर्मिंदगी बयां कर कहा, कल्पना कीजिए कि ये कितना अजीब होता होगा। तापसी ने बताया, आप एक गाना शूट कर रहे हैं, बीच में कोई उठता और चला जाता है। सेट पर मौजूद सबको पता होता है कि क्या हो रहा है। हर कोई देख रहा होता है कि आप लौटें तो क्या अलग दिखेगा। उन्होंने कहा कि महिला कलाकार के लिए ये सिर्फ कपड़े बदलने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि मानसिक रूप से काफी असहज और अपमानजनक होती है, खासकर जब पूरे सेट को पता हो कि निर्देशक क्या बदलाव चाहता है। बता दें कि बॉलीवुड में अपनी धाक जमाने से पहले तापसी साउथ फिल्म इंडस्ट्री की एक जानी-मानी अभिनेत्री बन चुकी थीं। उनके करियर की नींव किसी छोटे-मोटे रोल से नहीं, बल्कि एक बड़ी शुरुआत से पड़ी थी। उन्होंने साल 2010 में तेलुगू फिल्म झुम्मंडी नादम से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। इस म्यूजिकल ड्रामा में वो मशहूर अभिनेता मनोज मांचू के साथ नजर आई थीं। उन्होंने कई सालों तक तेलुगू, तमिल और मलयालम फिल्मों में मुख्य भूमिकाएं निभाईं।

# तृप्ति डिमरी को इन फिल्मों ने दिलाई शोहरत, एक तो कमाई में 500 करोड़ के पार



अभिनेत्री तृप्ति डिमरी अब किसी पहचान की मोहताज नहीं रही हैं। अपने करियर में उन्होंने सार्थक और चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं को निभाकर भारतीय सिनेमा में प्रभावशाली अदाकारा के रूप में खास पहचान बना ली है। रोमांटिक-ड्रामा और साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्मों के जरिए तृप्ति ने हमेशा अपने फैंस का दिल जीता। हालिया रिलीज शाहिद कपूर की ओ रोमियो में अभिनेत्री के अभिनय की तारीफ हो रही है। तृप्ति ने पहली बार 2018 में फिल्म लैला-मजनू से चर्चाएं बटोरी थीं। अविनाश तिवारी के साथ उनकी जोड़ी को न सिर्फ सराहा गया था, बल्कि उनके भावपूर्ण और गहन अभिनय की समीक्षकों ने खूब तारीफ भी की थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास साबित नहीं हुई, लेकिन बाद में इसे कल्ट फिल्म का दर्जा मिला था। नेटफ्लिक्स पर रिलीज बुलबुल साइकोलॉजिकल-थ्रिलर फिल्म है जिसमें तृप्ति के शानदार अभिनय की खूब सराहना हुई थी। उन्हें फिल्मफेयर ओटीटी पुरस्कार मिला था। बाबिल खान के साथ उनकी यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर आई एक क्लासिकल-म्यूजिक फिल्म थी। मां-बेटी के जटिल रिश्ते पर आधारित इस फिल्म में उनका चुनौतीपूर्ण किरदार काबिल-ए-तारीफ था। फिल्म के गाने भी बेहद लोकप्रिय हुए। हॉरर-कॉमेडी फ्रैंचाइजी भूल भुलैया 3 का हिस्सा तृप्ति रहीं जिसमें उनके साथ कार्तिक आर्यन मुख्य किरदार में थे। फिल्म में अभिनेत्री ने दोहरी भूमिका निभाई थी। जहां वर्तमान में वह राजकुमारी मीरा के किरदार में दिखीं, तो वहीं अतीत में वह राजकुमारी मधुलिका थीं। रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना की फिल्म एनिमल में तृप्ति ने छोटी, लेकिन प्रभावशाली भूमिका निभाई थी। सीमित स्क्रीन टाइम के बावजूद, उनकी उपस्थिति ने खूब चर्चा बटोरी थी। उनका किरदार सिनेमा में उनकी प्रतिष्ठा और फैंस की तादात को बढ़ाने में कारगर साबित रहा था। 2023 में रिलीज यह उस साल की सबसे ज्यादा कमाऊ फिल्म बन गई जिसने भारत में 500 करोड़ से ज्यादा कारोबार किया। तृप्ति को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के लिए फिल्मफेयर नामांकन भी मिला था।

# फिल्म एक दिन का टाइटल ट्रैक जारी, अरिजीत सिंह की आवाज का फिर चला जादू



आमिर खान प्रोडक्शंस की आगामी रोमांटिक फिल्म एक दिन सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है. प्रोडक्शन ने एक दिन का टाइटल ट्रैक रिलीज किया है. यह गाना आमिर खान और अरिजीत सिंह के बीच कोलेबोरेशन को दिखाता है, जो फिल्म की रिलीज से पहले से ही चर्चा में बना हुआ. आमिर खान प्रोडक्शंस ने सोशल मीडिया पर एक दिन का टाइटल ट्रैक लॉन्च किया. इसे शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, एक दिन आमिर सर आपके साथ बैठकर गाना गा रहे हैं. आमिर खान एक्स अरिजीत सिंह = प्योर मैजिक. एक दिन टाइटल ट्रैक अभी आ गया है. एक दिन सिफ़र् थिएटर में 1 मई 2026 को देखें. वीडियो की शुरुआत में आमिर खान और अरिजीत सिंह से उनके प्लेबैक सिंगिंग से दूर जाने के फैसले पर सवाल करते हैं. एक्टर अरिजीत के साथ उनके घर पर फर्श पर बैठे हुए दिखते हैं और उनसे पूछते हैं, आप कोई प्रोजेक्ट नहीं ले रहे हैं? कुछ समय के लिए ब्रेक लेना चाहते हैं? या आप हिंदी फिल्मों के लिए नहीं गाना चाहते? ऐसे मत कर यार, हम लोगों का क्या होगा भाई? इस क्लिप में आमिर के अरिजीत के घर के ट्रिप के कई बिहाइंड-द-सीन्स और दिल को छू लेने वाले पल दिखाए गए हैं. एक्टर को अरिजीत और उनकी टीम के साथ पतंग उड़ाते, घर के बने खाने का मजा लेते हुए देखा जा सकता है. अरिजीत उन्हें घर पर बनी अलग-अलग डिश सर्व करते हैं. वह अरिजीत के पड़ोसियों से भी मिलते है, जो सुपरस्टार की एक झलक पाने के लिए सड़कों पर निकल आते हैं और छतों पर चढ़ जाते हैं. इसके बाद, अरिजीत आमिर और उनके घर पर मौजूद दूसरे लोगों को चाय सर्व करते हुए दिखते हैं. दूसरी झलकियों में आमिर अपने घर के अंदर छोटे से स्टूडियो में अरिजीत का गाना एक दिन ध्यान से सुनते हुए दिखते हैं. दोनों को अरिजीत की टीम के साथ शतरंज खेलते हुए और बाद में देर रात स्कूटी राइड के लिए निकलते हुए भी देखा जाता है. सिंगर सुपरस्टार को गंगा घाट भी ले जाते हैं. वीडियो के आखिर में, आमिर अरिजीत को उस ट्रिप के लिए धन्यवाद देते हुए दिखते हैं जिसे वह यादगार ट्रिप कहते हैं. एक इंटरव्यू आमिर खान ने अरिजीत सिंह के साथ अपने कोलैबोरेशन के बारे में खुलासा किया था. सुपरस्टार ने कहा, मैं कुछ दिन पहले मुर्शिदाबाद में था. मैं वहां अरिजीत को फिल्मों के लिए गाना न छोड़ने के लिए मनाने नहीं गया था. मैं वहां किसी और मकसद से गया था. हालांकि मैंने उन्हें दोबारा सोचने के लिए मनाने की पूरी कोशिश की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ. ऐसा लगता है कि उन्होंने अपना मन बना लिया था. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आमिर खान की इस रोमांटिक फिल्म के लिए अरिजीत सिहं ने पहले ही कमिटमेंट कर दिया था. आमिर खान ने बताया कि अरिजीत जुनैद के किरदार के लिए गा रहे हैं. क्योंकि एक दिन पहले का कमिटमेंट था, इसलिए वह इसे पूरा करना चाहते थे. एक दिन में 5 गाने हैं, और उन्होंने उन सभी में गाया है. उन्होंने गानों में कमाल कर दिया है. आमिर खान प्रोडक्शंस की निर्मित एक दिन में सुपरस्टार के बेटे-एक्टर जुनैद खान है. वहीं साउथ फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत हसीना साई पल्लवी लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आएंगी. यह फिल्म 1 मई, 2026 को थिएटर में रिलीज होगी.

# आस्था की महागाथा लेकर आ रहे संजय लीला भंसाली, फिल्म जय सोमनाथ 2027 में होगी रिलीज, दिखाई पहली झलक

संजय लीला भंसाली ने ऑफिशियली अपने अगले बड़े वेंचर जय सोमनाथ की घोषणा की है, जो 2027 में दुनिया भर में थिएटर में रिलीज होगी। फिल्ममेकर ने इस प्रोजेक्ट के बारे में एक खास लाइन के साथ फिल्म को लेकर अपडेट दी, जिसमें लिखा था कि मंदिर तोड़ा जा सकता है, आस्था नहीं यह फिल्म एक इमोशनल हिस्टोरिकल ड्रामा की ओर इशारा करती है। भंसाली ने नए प्रोजेक्ट का टाइटल बताया और बताया कि जय सोमनाथ को केतन मेहता डायरेक्ट करेंगे, जो कल्चर से जुड़े सिनेमा को सपोर्ट करने के लिए जाने जाते हैं। टाइटल से पौराणिक और ऐतिहासिक बातें पता चलती हैं, जो भगवान शिव से जुड़ी हैं। भंसाली प्रोडक्शंस के सपोर्ट से और खुद भंसाली द्वारा प्रेजेंट की गई जय सोमनाथ को केतन मेहता डायरेक्ट करेंगे, जो दो फिल्ममेकर्स के बीच एक बड़ा कोलेबोरेशन है जो अपने स्केल और कहानी कहने की गहराई के लिए जाने जाते हैं। 2027 में रिलीज होने वाले इस प्रोजेक्ट को लेकर उम्मीदें अभी से बढ़ने लगी हैं। हालांकि, कास्ट और स्टोरीलाइन के बारे में अभी ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है। इस अनाउंसमेंट ने सिनेमा लवर्स के बीच पहले ही एक्साइटमेंट पैदा कर दी है। हालांकि कहानी की डिटेल अभी तक नहीं बताई गई है, लेकिन टाइटल और टैगलाइन से साफ पता चलता है कि कहानी मजबूती, विश्वास और इतिहास पर आधारित है। सोमनाथ का जिक्र ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर की याद दिलाता है, जो सदियों से कई हमलों और पुनर्निर्माण का गवाह रहा है। अगर भंसाली की पिछली फिल्मों को देखें तो दर्शक इमोशन, ड्रामा और बड़ी कहानी कहने के अंदाज से भरी एक शानदार कहानी की उम्मीद कर सकते हैं। जय सोमनाथ 2027 में रिलीज होने वाली है। ऐसा लगता है कि टीम जल्दबाजी में कोई शानदार फिल्म बनाने के बजाय ध्यान से प्रोडक्शन प्लान कर रही है। भंसाली के बड़े सिनेमैटिक यूनिवर्स बनाने के ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए, लंबे लीड टाइम का मतलब हो सकता है कि आने वाले महीनों में बड़े सेट, डिटेल्ड रिसर्च और दमदार कलाकारों की टीम की घोषणा हो सकती है।




# दो दीवाने सहर में की तीसरे दिन डूबी नैया, तापसी पन्नू की अस्सी भी रही बेदम



मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी की रोमांटिक-ड्रामा फिल्म दो दीवाने सहर में ने बॉक्स ऑफिस पर 3 दिन पूरे कर लिए हैं। पहले दिन बेहद निराशाजनक ओपनिंग करने वाली इस फिल्म को तीसरे दिन भी अपना हुनर दिखाने का मौका नहीं मिल सका। यह फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक लाने में नाकामयाब रही। तापसी पन्नू की अस्सी का हाल भी बुरा रहा है, जबकि 13 फरवरी को रिलीज ओ रोमियो कमाई के मामले में दोनों फिल्मों पर भारी पड़ी है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शन के तहत बनी फिल्म दो दीवाने सहर में को पहले दिन 1.25 करोड़ रुपये से शुरुआत मिली थी। हैरानी की बात यह है कि दूसरे दिन, यानी शनिवार को इसने 1.5 करोड़ कमाए थे, जबकि तीसरे दिन रविवार को कमाई कुल 1.31 करोड़ रुपये हुई है। इन 3 दिनों के अंदर फिल्म ने कुल 4.06 करोड़ रुपये का कारोबार किया है, जो बेहद निराशाजनक है। अनुभव सिन्हा द्वारा निर्देशित अस्सी को समीक्षकों से बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली, लेकिन कमाई के मामले में यह चूक गई। पहले दिन 1 करोड़ से खाता खोलने के बाद दूसरे दिन इसने 1.6 करोड़ कमाए, जबकि तीसरे दिन 1.37 करोड़ कमाए हैं। इसके बाद फिल्म की कुल कमाई 3.97 करोड़ रुपये हुई है। दूसरी ओर, शाहिद कपूर की ओ रोमियो 10वें दिन 3.25 करोड़ कमाते हुए दोनों फिल्मों पर भारी पड़ी है। इसका कुल कलेक्शन 55.90 करोड़ हो गया है।

# मृणाल ठाकुर और आदिवी शेष की डकैत का पहला गाना रूबरू 27 फरवरी को होगा जारी



मृणाल ठाकुर और आदिवी शेष की आगामी फिल्म डकैत- एक प्रेम कथा 2026 की बहुप्रतीक्षित फिल्म बन चुकी है। पहले इसे 19 मार्च को रिलीज किया जाना था, लेकिन अब तारीख को आगे खिसकाया गया है। दरअसल, निर्माता नहीं चाहते हैं कि इसी दिन रिलीज हो रहीं रणवीर सिंह की धुरंधर 2 और टॉक्सिक से फिल्म की कमाई पर कोई असर पड़े। हालांकि लोगों की उत्सुकता बनाए रखने के लिए डकैत के पहले गाने रूबरू पर अपडेट दिया गया है। डकैत के पहले गाने रूबरू का ऐलान नए पोस्टर के साथ किया गया है। प्यार के लिए भावपूर्ण श्रद्धांजलि देता यह गाना 27 फरवरी, 2026 को रिलीज के लिए तैयार है। शेनिल देव द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अनुराग कश्यप भी अहम किरदार निभाते हुए दिखाई देंगे। उनके अलावा प्रकाश राज और अतुल कुलकर्णी भी इसका हिस्सा हैं। बता दें कि फिल्म अब 10 अप्रैल को सिनेमाघरों का रुख करेगी। इसे हिंदी और तेलुगु भाषा में रिलीज किया जाएगा।


## Justice Varma probe panel reconstituted



**NEW DELHI, Agency:** LS Secretariat Wednesday reconstituted the three-member inquiry panel that is probing allegations against Justice Yashwant Varma of Allahabad HC. The secretariat, in a notification, replaced Madras HC chief justice Manindra Mohan Shrivastava with Bombay HC chief justice Shree Chandrashekhar with effect from March 6.

The other two members of the panel remain the same. The reason for the change was not immediately known.

## After SC rap, NCERT 'trying' to retrieve sold copies of now-withdrawn class 8 textbook



**NEW DELHI, Agency:** The National Council of Educational Research and Training (NCERT) on Thursday moved to retrieve 38 copies of the now-withdrawn Class 8 Social Science textbook after drawing sharp criticism from the Supreme Court.

A bench led by CJI Surya Kant described the content as a "deep-rooted conspiracy to defame" the judiciary.

The textbook sparked a judicial backlash after the newly introduced edition outlined key challenges facing the country's judicial system, including corruption, a heavy backlog of cases, and an inadequate number of judges.

However, following strong remarks from the CJI-led bench, NCERT on Wednesday decided to remove references to "corruption at various levels of the judiciary" from the textbook and revised the chapter titled 'The Role of the Judiciary in Our Society.'

In a late-night development, the board announced that it has put the distribution of the newly released textbook on hold after noticing "inappropriate textual material and error of judgement" in the chapter on the judiciary. It said the issue was flagged both internally and by the Department of School Education and Literacy under the education ministry.

The CJI said, "Judges of the constitutional and district courts are perturbed by this. I have taken suo motu cognisance of the issue. I will not allow anyone on earth to defame the institution or taint its integrity.

## On track to develop locally-made marine engine for Navy by 2028: Kirloskar co CEO

**New Delhi, Agency:** Kirloskar Oil Engines, one of the flagship companies of India's Kirloskar group, has said that the company is "on track" to deliver India's first locally-made marine engine for the Indian Navy.

A four-stroke, 6 MW V12 engine will be "delivered to the Navy by April 2028"as per contractually-mandated deadline, Kirloskar Oil Engines' CEO Rahul Sahai recently told the media.

A sanction order for the design and development of a 6 MW medium speed marine diesel engine was signed between the Navy and the Kirloskar last April under Make-I category of the procurement procedure. Prototype diesel engine with indigenous content of over 50% is being developed at a cost of Rs 270 crore with 70% funding from the govt. These engines are intended for main propulsion and power generation on Navy and Coast Guard vessels.

The Navy has contracted the development of this engine in order to achieve 'Aatmanirbharta' (self-reliance) in marine engine manufacturing. The engine development will reduce reliance on foreign original equipment manufacturers from countries like the US, UK, and Ukraine as the critical technology will be available in-house and save foreign exchange. The initiative strengthens indigenous capabilities, supports the "Make in India" initiative, and fosters a domestic defence industrial ecosystem. The development of the engine supports the conversion of older steam-based systems to modern, efficient diesel-based systems, as seen in the upgrade of the INS Beas.

# Standoff between Delhi, Shimla police over Youth Congress workers' arrest ends after 24 hours



**New Delhi, Agency:** A high-voltage standoff between the police teams of Delhi and Shimla came to an end after a dramatic 24 hours on Thursday morning, after the Delhi Police team was finally cleared to head back to the national capital along with the three Youth Congress activists arrested in connection with the "shirtless protest" at the AI Summit. In the 24-hour stalemate, the Delhi Police team was "detained" for about five hours even after procuring the transit remand from the magistrate.

**Kidnapping case against Delhi police:** On Wednesday evening, the Himachal Pradesh Police registered a kidnapping case against the Delhi Police personnel and "detained" their vehicles at the Shogi border near Shimla. This occurred while they were en route to the national capital with the three Youth Congress members in custody.

The three accused, along with members of the Delhi Police, were taken to the residence of Additional Chief Judicial Magistrate (ACJM II) Ekansh Kapil at 1.30 am after undergoing medical examination at the Deendyal Upadhyay Zonal Hospital in Shimla on Wednesday night. They were granted the transit remand and resumed their journey.

However, on early Thursday morning, the Delhi police team was detained again at Kanlog in Shimla. They were instructed to return to the national capital with the accused and a few additional police personnel, while the remaining members were asked to stay behind and cooperate with the investigation into the kidnapping case against them. The Shimla police also asked the Delhi team to hand over a copy of the digital evidence they possessed, which had allegedly been gathered during the arrest of the activists in Rohru.

The Delhi Police insisted that the safety of the three accused was their responsibility and that they would not leave any of their members behind. They later continued their movement towards Shoghi. Later at the Shoghi border, however, the Delhi team was detained yet again by the Shimla police at 4 am.

The Shimla police barricaded a vehicle belonging to the Delhi Police, which contained CCTV footage and other evidence. The Delhi Police stated that this vehicle holds digital evidence, accompanying documents, and arms.

## DNPA Conclave 2026: AI, policy shifts and platform changes redrawing future of digital news



**New Delhi, Agency:** Digital News Publishers Association (DNPA) chairperson and Manorama Online CEO Mariam Mammen Mathew on Thursday opened the DNPA conclave and said that artificial intelligence and rapid shifts in the digital ecosystem are fundamentally reshaping how news is created, distributed, discovered and monetised.

Speaking at the Third Annual Storyboard18 DNPA Conclave 2025 on the theme, "Transformation of Media in the Age of Artificial Intelligence," Mathew said the industry is at a critical juncture as artificial intelligence, evolving data governance norms, shifting platform economics and changing audience behaviour redefine digital journalism.

With India preparing to implement a forward-looking AI regulatory framework, she described the dialogue between policymakers and industry leaders as both timely and essential.

Mathew said DNPA has worked to ensure that the voice of credible digital publishers remains central to this transformation. The association has engaged with the government on key policy consultations, including the Digital Personal Data Protection framework, discussions on generative AI, copyright and broader regulatory developments affecting digital news.

"Strong AI requires strong, credible journalism," she said, highlighting the need to anchor technological advancement in trust and editorial integrity.

Internally, she noted, DNPA has strengthened collaboration among its members, focusing on traffic growth, sustainable monetisation models, newsroom adoption of AI tools and collective opportunities for innovation. Through working groups, policy dialogues and knowledge exchanges, the association aims to ensure that no publisher navigates the ongoing disruption alone.

Mathew emphasised that trust remains the core principle amid industry-wide transformation. She said DNPA has brought together policymakers, technology leaders, industry partners and publishers not only to discuss challenges but to co-create solutions.

## Maoist commander killed by leader for allegedly planning surrender in Odisha



**New Delhi, Agency:** A Maoist commander, carrying a reward of Rs 22 lakh on his head, was allegedly killed by his leader for intending to surrender to the Odisha Police, a senior officer said.

Anwesh, alias Renu, a native of Sukma in neighbouring Chhattisgarh, was allegedly killed by notorious Naxal leader Sukru on January 29.

Anwesh was a divisional committee member (DVCM) and military platoon commander of the KKBN (Kalahandi-Kandhamal-Boudh-Nayagarh) Division, police said.

Police in Kandhamal district on Wednesday exhumed his decomposed body from the Pakari reserve forest area under Daringbadi police station limits. "It has been ascertained that Anwesh was killed by Sukru and his associates when the former was preparing to surrender before the Odisha Police along with some other Maoist cadre," Kandhamal SP Harish BC told PTI.

## CBI secures return of Red Notice accused from UAE via Interpol channels




**New DElhi Agency:** The Central Bureau of Investigation (CBI) on Thursday successfully coordinated the return of wanted Red Notice subject Anil Kumar Reddy Yeddula from the UAE through Interpol channels.

Anil Kumar Reddy Yeddula is a wanted subject of Andhra Pradesh Police in case of cheating, criminal breach of trust and criminal intimidation. The International Police Cooperation Unit (IPCU), CBI, in collaboration with the MEA and the NCB-Abu Dhabi successfully brought back Yeddula to India on Thursday. He was escorted by a team of Dubai Police and arrived at Rajiv Gandhi International Airport, Hyderabad, from Dubai.

Yeddula was handed over to the Andhra Pradesh police team at the airport.

The CBI had got the Red Notice published through Interpol in this case on September 5, 2022, on the request of Andhra Pradesh Police.

Yeddula was arrested by the UAE authorities and a decision was taken to extradite the subject to India. Red Notices published by Interpol are circulated to all the law enforcement agencies globally for the tracking of wanted criminals. The CBI as the National Central Bureau for Interpol in India coordinates with all law enforcement agencies in India through Bharatpol for assistance via Interpol channels. More than 130 wanted criminals have been brought back to India in last few years through coordination via Interpol channels.

## Reliance Group chairman Anil Ambani appears before ED in money laundering case



**NEW DELHI, Agency:** Reliance Group chairman Anil Ambani appeared before the Enforcement Directorate (ED) in New Delhi on Thursday for a second round of questioning in connection with a bank fraud-linked money laundering investigation involving his group companies.

The 66-year-old businessman reached the agency's office in central Delhi around 10.30am. Officials said his statement would be recorded under the provisions of the Prevention of Money Laundering Act (PMLA). Ambani was first questioned by the ED in August 2025.

The investigation is linked to an alleged bank fraud of over Rs 40,000 crore involving Reliance Communications (RCOM), a group company of the Anil Dhirubhai Ambani Group (ADAG). Ambani and several of his companies are facing allegations related to loan fraud and financial irregularities. The ED has informed the Supreme Court that it has registered three money laundering cases against ADAG entities as part of the probe into alleged bank loan fraud and related violations. Following recent directions from the apex court, the agency has also set up a special investigation team (SIT) to examine multiple cases involving the group.

On Wednesday, the ED attached Ambani's Mumbai residence, 'Abode', valued at Rs 3,716 crore, under the anti-money laundering law. The property, located in Mumbai's Pali Hill area, is a 66-metre-high structure spread across 17 floors.

## Cigarettes after tax: The post-February crisis, and how smokers are reacting



**New Delhi, Agency:** When cigarette prices began climbing across India in early February, the effect was immediate and oddly chaotic. Smokers paid different prices for the same pack on the same street. Retailers blamed wholesalers. Wholesalers blamed the new tax regime. What was framed as a clean public health reform quickly revealed a messier economic story.

Popular culture has long understood what policymakers sometimes underestimate. In Money Heist, the Professor insists the real vulnerability is never the vault but the system around it. Apply enough pressure and cracks appear elsewhere. In The Wolf of Wall Street, excess is not driven by morality but by margins; when the spread is wide enough, someone will step in to capture it. And in Gangs of Wasseypur, power does not shift with speeches but with control over supply. Whoever controls distribution controls the street.

India's 2026 tobacco overhaul sits at the intersection of those three insights. Raise taxes sharply and you do not just change behaviour. You change incentives, redistribute margins and test the resilience of the supply chain. What follows is less a story about cigarettes than about what happens when policy pressure meets market reality.

**The scale of the problem:** Although the most recent nationally representative surveys predate the 2026 reforms, they remain the clearest benchmark of India's tobacco burden. According to the Global Adult Tobacco Survey (2016-17), approximately 267 million individuals aged 15 and above, nearly 29% of the adult population, consume tobacco in some form in India. Of these, an estimated 130 million are smokers. The World Health Organisation (WHO) reports that India accounts for nearly 12% of the world's total smokers.

Tobacco use patterns vary significantly across regions and demographics. A survey from 2013 conducted by the International Institute of Population Sciences in collaboration with the ministry of health and family welfare found that Kolkata records the highest smoking rate in the country, with 56.6% of its population identified as smokers.

The data further reveals a stark gender disparity in the city: 82% of men and 23.5% of women smoke. Meanwhile, Uttarakhand reports the highest prevalence of beedi smoking. A 2008 health ministry report estimated that around 100 million people - largely from economically disadvantaged and less educated communities - smoke beedis. The report also linked beedi smoking to approximately 200,000 deaths due to tuberculosis, highlighting the severe health consequences associated with tobacco use in India.

Since February 1, the legal trade has fractured into what smokers describe as a landscape of sticker-shock and secrecy: packs sold at more than 20 % above MRP, wholesalers hoarding stock, retailers charging different prices to different customers, and a growing presence of non-compliant foreign brands entering through porous borders.